

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 3 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-274 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 04 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# प्रदेश में अगले 5 दिनों तक पड़ेगी कड़ाके की ठंड

## कुछ क्षेत्रों में हो सकती है 1 से 2 डिग्री की वृद्धि, बलरामपुर रहा सबसे ठंडा



■ **रायपुर 3 जनवरी**

छत्तीसगढ़ में नए साल की शुरुआत में अच्छी ठंड पड़ रही है. पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के चलते प्रदेश के कुछ इलाकों में गुलाबी ठंड का असर देखने को मिल रहा है. अब दिन में भी लोगों को गर्म कपड़ों की जरुरत पड़ रही है. कल से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी. रायपुर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज, माना में 10 डिग्री, बलरामपुर में 5 डिग्री तक तापमान पहुंचा. मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5 छत्तीसगढ़ दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है, कुछ स्थानों पर 1-2एष्ट की मामूली वृद्धि हो सकती है. गुरुवार को सबसे ज्यादा 30.4 डिग्री बीजापुर में दर्ज किया गया है. वहीं बलरामपुर एक बार फिर सबसे ठंडा रहा, यहां तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया है.

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के रूप में चक्रवाती परिसंचरण ईरान के मध्य भागों पर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, तथा ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है, जिसकी धुरी समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर है, जो अक्षांश 25एह्र के उत्तर में देशांतर 54एश्व के साथ चल रही है. राजधानी रायपुर के लिए मौसम विभाग ने बताया कि आज आसमान साफ रहेगा. अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक रहने की संभावना जताई गई है।

## दिल्ली पर छाया घना कोहरा, न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली 3 जनवरी।** सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। यहां सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और कुछ क्षेत्रों में दृश्यता शून्य हो गई। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर बहुत घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। उसने बताया कि सभी रनवे कैट-तृतीय मानकों के तहत काम कर रहे हैं - यह प्रणाली कम दृश्यता में भी विमानों को उतारने में मदद करती है। मौसम विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, सुबह आठ बजे पालम मौसम केंद्र ने पिछले दो घंटों में शून्य मीटर दृश्यता के साथ बहुत घने कोहरे की सूचना दी, जबकिप्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग ने 50 मीटर की दृश्यता की सूचना दी। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। यहां सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। मौसम वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को घने कोहरे का पूर्वानुमान व्यक्त किया है और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## संक्षेप

### सनकी पति ने की पत्नी की हत्या

**बालोद 3 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक सनकी पति ने अपनी पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया. घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया. घटना आज सुबह करीब 5 बजे की है. आसपास के लोगों ने घर पर बेहोश पड़ी लहुलुहान महिला को जैसे ही देखा, उन्होंने महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. पूरा मामला गुरुर थाना क्षेत्र के कंवर चौकी के अंतर्गत सांगली गांव का है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी पति का नाम केवल साहू है. वहीं मृतिका का नाम ईश्वरी साहू बताया जा रहा है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतिका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुट गई है. इस घटना के पीछे के कारणों का पता फिलहाल नहीं चल सका है. पुलिस की जांच के बाद ही इस हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

### मणिपुर राइफल्स का जवान मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

**इंफाल 3 जनवरी।** मणिपुर राइफल्स के एक जवान को काकचिंग जिले में लाखों रुपये के मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गिरफ्तार जवान 1 मणिपुर राइफल्स का राइफलमैन है और वह सीआईडी से संबद्ध था। उसे खोंगजोम चौकी पर तैनात किया गया था। सिंह ने कहा, मैं आरोपी जवान की गिरफ्तारी के त्वरित प्रयास के लिए सीडीओ-काकचिंग टीम की सराहना करता हूं। अभियान के दौरान लगभग 10.2 किलोग्राम संदिग्ध डब्ल्यूवाई की गोलियां जब्त की गईं।

### लॉरेंस बिश्नोई साक्षात्कार मामला: डीएसपी रैंक का अधिकारी बर्खास्त

**चंडीगढ़ 3 जनवरी।** पंजाब सरकार ने पुलिस हिरासत में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा देने के आरोप में पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) रैंक के एक अधिकारी को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया। बर्खास्तगी का आदेश गृह विभाग के सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह ने जारी किया। सरकार ने डीएसपी गुरशेर सिंह संधू को बर्खास्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-311 के तहत हासिल शक्तियों का इस्तेमाल किया। मार्च 2023 में एक निजी समाचार चैनल ने बिश्नोई के दो साक्षात्कार प्रसारित किए थे। बर्खास्तगी आदेश के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) ने निष्कर्ष निकाला कि पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) के अधिकारी संधू ने एक टीवी चैनल को उस समय बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा प्रदान की, जब वह सीआईए, खरड़ की हिरासत में था।

# ईडी ऑफिस में हुई पूछताछ सवालों के कटघरे में विधायक लखमा



■ **रायपुर 3 जनवरी**

पूर्व मंत्री कवासी लखमा शुक्रवार को ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान ईडी शराब घोटाले मामले में लखमा से पूछताछ की। वहीं पूछताछ में लखमा ने शराब घोटाले को लेकर कहा कि, मैं राजनीतिक परिवार से नहीं हूं, बहुत गरीब परिवार से हूं। मैंने जगदलपुर में 2009 में 2 एकड़ जमीन ली थी उसके अलावा मेरे पास कोई संपत्ति नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि, मैंने जब जमीन ली थी तब मैं पंच- सरपंच नहीं था। पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने ईडी की पूछताछ के दौरान बताया कि, मैंने टोरा, महुआ, इमली का धंधा कर जमीन ली थी। मुझे 1998 में सुकमा से टिकट मिलने के बाद जीत मिली। आगे उन्होंने कहा कि, विधानसभा में मैंने गरीबों के लिए आवाज उठाई है। इसलिए सरकार अब मुझे परेशान कर रही है। जो भी न्यायपालिका बोलेगी मैं उसमें पूरा साथ दूंगा। कवासी लखमा का बेटा कवासी हरीश भी ईडी दफ्तर पहुंचे हैं। शराब घोटाला मामले में ईडी ने कवासी हरीश को भी तलब किया है। वहीं इस दौरान पूछताछ में कवासी हरीश ने कहा कि, मेरे पास से कुछ नहीं मिला, सभी को पता है छापा क्यों पड़ा है। मैं बाद में अपनी बात कहूंगा।

### ईडी की पूछताछ में लखमा को सहयोग करना चाहिए: अरुण साव

इस पूरे मामले पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बयान सामने आया है। साव ने कहा कि, लखमा को श्वष्ठ की पूछताछ में सहयोग करना चाहिए जो तथ्य है वह बताना चाहिए। भावनात्मक बातें करने से कुछ नहीं होगा। राज्य की जनता सब जानती है की कांग्रेस सरकार में शराब घोटाला हुआ है। शराब दुकानों में दो-दो काउंटर बने थे। नकली होलोग्राम का उपयोग किया गया था। आगे उन्होंने कहा कि, ऑर्गेनाइज्ड क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर के शराब घोटाले को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई पॉलिटिकल मोटिवेटेड नहीं है। श्वष्ठ बहुत गंभीरता से बहुत बारीकी से शराब घोटाले की जांच कर रही है। जांच में जो तथ्य आएंगे उसके आधार पर श्वष्ठ कार्रवाई करेगी।

# रोहित शर्मा की टेस्ट पारी का हो चुका अंत

**वाशिंगटन 3 जनवरी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर, पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री और पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने एक सुर में कहा है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच रोहित शर्मा का शायद आखिरी टेस्ट मैच था। रोहित शर्मा ने खुद को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और सिडनी में खेले जा रहे आखिरी टेस्ट से बाहर रखा है। जसप्रीत बुमराह सीरीज में दूसरी बार कप्तानी करते हुए नजर आए। पर्थ टेस्ट मैच बीजीटी में भारत ने उन्हीं की कप्तानी में जीता था। 37 वर्ष के रोहित शर्मा ने पांचवें टेस्ट में खुद को आराम देने का फैसला किया। रोहित तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में 31 रन ही बना सके। सुनील गावस्कर ने पहले दिन के खेल के दौरान लंच ब्रेक में कहा, ''इसके मायने ये हैं कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिये क्वॉलिफाई नहीं करता है तो मेलबर्न टेस्ट रोहित का आखिरी टेस्ट होगा।''उन्होंने आगे कहा, ''विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के साथ शुरू होगा और चयनकर्ता ऐसे खिलाड़ी को चाहेंगे जो 2027 फाइनल भी खेले। भारत वहां पहुंचता है या नहीं, यह बाद की बात है लेकिन चयन समिति की यही सोच होगी।'' ऐसे में उन्होंने कहा ,''हमने शायद रोहित शर्मा को आखिरी बार टेस्ट खेलते देख लिया ।'' वहीं, टॉस प्रेजेंटेशन के बाद कमेंट्री में रोहित शर्मा को लेकर रवि शास्त्री ने कहा, ''टॉस के समय मेरे पूछने से पहले ही जसप्रीत बुमराह ने यह बात कही कि कप्तान ने बाहर रहने का फैसला किया है और कहा कि शुभमन गिल के खेलने से टीम मजबूत होगी।



# मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रतिनिधि के साथ दबंगों ने की मारपीट

**कोरबा 3 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने विधायक प्रतिनिधि को भी नहीं छोड़ा. ताजा मामला कोरबा के दादर गांव से सामने आया है. दबंगों ने बीजेपी विधायक और मंत्री लखनलाल के प्रतिनिधि राजेंद्र पटेल के साथ मारपीट की है. मामला मानिकपुर पुलिस चौकी का है. बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर हंगामा शुरू हुआ था. इसी बीच दबंग ने मंत्री लखनलाल देवांगन के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र पटेल को सरेआम तमाचा जड़ दिया. इस पूरे घटना का वीडियो भी सामने आया है. जानकारी के अनुसार, मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के दादर गांव में दबंगों ने सरेआम विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र पटेल से साथ मारपीट की. एक दबंग ने गाली-गलौच करते हुए राजेंद्र को झन्नाटेदार थप्पड़ मार दिया. वहीं एक महिला ने लकड़ी से राजेंद्र को मारा. घटना के बाद पीड़ित विधायक प्रतिनिधि ने मानिकपुर चौकी पुलिस से शिकायत कर कार्रक मांग की है. मंत्री लखनलाल देवांगन से भी मामले की शिकायत की गई है.

# मैं भी शीशमहल बना सकता था, लेकिन गरीबों को पक्का घर देना मेरा सपना: मोदी



**नई दिल्ली 3 जनवरी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया और कहा कि मैंने 4 करोड़ लोगों को घर देकर उनके सपनों को पूरा किया और अपने लिए कभी घर नहीं बनाया। उन्होंन तंज भरे लहजे में कहा कि चाहता तो %शीश महल% मैं भी बनवा सकता था। दिल्ली सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और शहर के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए, पीएम ने सत्तारूढ़ पार्टी को आपदा करार दिया।

दिल्ली में झुग्गीवासियों के लिए आवास परियोजना की शुरुआत करते हुए पीएम ने कहा, मैं शीशमहल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए मेरा सपना था कि मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले। आप पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने शराब घोटाला, स्कूल घोटाला और प्रदूषण घोटाला किया है। वे खुलेआम भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और इसे प्रचारित भी कर रहे हैं। यह दिल्ली के लिए एक आपदा है, और निवासियों ने इस आपदा के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली वालों ने आप-दा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। दिल्ली का वोटर, दिल्ली को आप-दा से मुक्त करने की ठान चुका है। वो कह रहा है- आप-दा को नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली एक सुर में कह रही है, आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे।

# लोक सेवा आयोग परीक्षा को लेकर आमरण अनशन जारी



**पटना3 जनवरी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) को रद्द करने की मांग को लेकर जन स्वराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का गांधी मैदान में आमरण अनशन जारी है। इसी बीच, शुक्रवार को पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपने समर्थकों के साथ पटना सचिवालय हाल्ट पर रेल पटरियों पर धरना दिया। शुक्रवार की सुबह सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में यादव समर्थक एकत्र हुए और रेल की पटरी पर बैठ गए तथा ट्रेनों की आवाजाही को बाधित करने का प्रयास किया। बीपीएससी के मुद्दे को लेकर यादव के अपने समर्थकों के साथ रेल और राष्ट्रीय राजमार्ग रोको अभियान की घोषणा के मद्देनजर सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रदर्शनकारी ट्रेनों की आवाजाही को बाधित न कर सकें। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल से लेकर प्रदेश में हर स्तर पर छात्रों के मुद्दे का हल निकाले जाने का प्रयास किया पर सरकार सुनने को तैयार नहीं है। अब वह इसको लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में बृहस्पतिवार से आमरण अनशन पर बैठे किशोर ने पत्रकारों से कहा कि उनका अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार छात्रों की मांग पर विचार नहीं करती। किशोर ने तीन दिन पहले नीतीश कुमार सरकार को नाराज उम्मीदवारों की मांग पर कार्रवाई करने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। हालांकि, पटना जिला प्रशासन ने गांधी मैदान में किशोर के अनशन को नियम विरुद्ध बताते हुए आमरण अनशन पर बैठने पर जन सुराज के संस्थापक और उनके समर्थकों के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिककी दर्ज की थी।

प्रशासन द्वारा उनके अनशन को अवैध बताए जाने के बारे में पूछे जाने पर किशोर ने शुक्रवार को कहा, किस कानून के तहत हम यहां नहीं बैठ सकते? यह सार्वजनिक स्थल है और यहां बागवानी मेला सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यहां सैकड़ों की संख्या में लोग हर रोज टहलने आते हैं। हम किसी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। हमारे अनशन से जनता को किसी तरह की कोई परेशानी ने हो नहीं रही है। बीपीएससी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को भाकपा माले लिबरेशन की छात्र ईकाई आइसा ने समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री आवास के सामने प्रदर्शन करने की घोषणा की है। युवा कांग्रेस की राज्य इकाई ने भी पटना स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम से एक किलोमीटर दूर स्थित प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की समाधि तक मशाल जुलूस निकालने का ऐलान किया है।

# सुप्रीम कोर्ट में इस साल होंगे 3 चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली 3 जनवरी।** नवंबर 2024 में पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रिटायर हुए थे और उनका कार्यकाल दो वर्ष का रहा। चीफ जस्टिसों का कार्यकाल आमतौर पर बहुत लंबा नहीं रहता है, लेकिन डीवाई चंद्रचूड़ को काफी वक्त मिला। वहीं इस साल तो सुप्रीम कोर्ट तीन चीफ जस्टिस कार्यकाल देखेगा। 10 नवंबर 2024 से मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम कर रहे जस्टिस संजीव खन्ना का रिटायरमेंट इस साल 13 मई को हो जाएगा। इसके बाद जस्टिस बीआर गवई मुख्य न्यायाधीश होंगे और उनका कार्यकाल 23 नवंबर को समाप्त होने वाला है। इसके बाद जस्टिस सूर्यकांत चीफ जस्टिस बनेंगे। इस तरह 2025 में सुप्रीम कोर्ट को तीन मुख्य न्यायाधीश देखने को मिलेंगे। यही नहीं इस साल कुल 7 जस्टिस सुप्रीम कोर्ट से रिटायरमेंट लेंगे। मौजूदा चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने तो मुख्य न्यायाधीश के तौर पर आवंटित होने वाला सरकारी आवास भी नहीं लिया है। उनकी दलील थी कि कार्यकाल बहुत छोटा है, ऐसे में घर में शिफ्ट होना और फिर उसे खाली करना भी एक लंबी प्रक्रिया में उलझना होगा। इस तरह देश की शीर्ष अदालत एक साल के अंदर ही तीन मुख्य न्यायाधीशों का कार्यकाल देखेगी। इन चीफ जस्टिसों के अलावा सुप्रीम कोर्ट इस साल 7 न्यायाधीशों का रिटायरमेंट भी देखेगा। सबसे पहले तो 5 जनवरी, 2025 को ही जस्टिस वी. रामसुब्रमण्यन रिटायर होने वाले हैं। उनका कार्यकाल करीब तीन साल का रहा है और वह केरल हाई कोर्ट से प्रमोशन पाकर सुप्रीम कोर्ट के जज बने थे।

वहीं जस्टिस ऋषिकेश रॉय का रिटायरमेंट इस महीने के आखिर यानी 31 जनवरी को होने वाला है। उनका कार्यकाल भी शीर्ष अदालत में करीब 4 साल का रहा था। वह सुप्रीम कोर्ट से पहले गुवाहाटी हाई कोर्ट में अपनी सेवाएं दे चुके थे और फिर केरल हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बनाए गए थे। वहीं संजीव खन्ना 13 मई को सेवामुक्त होंगे। उनके बाद जस्टिस अभय एस. ओका का 24 मई, 2025 को रिटायरमेंट होगा। उनका सुप्रीम कोर्ट में करीब तीन साल का कार्यकाल रहा है। वह उच्चतम न्यायालयम में आने से पहले बॉम्बे हाई कोर्ट में जज और फिर कर्नाटक हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस के तौर पर काम कर चुके हैं। इसी साल जस्टिस बेला त्रिवेदी, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस बीआर गवई का भी रिटायरमेंट होना है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के तौर पर सबसे लंबा कार्यकाल डीवाई चंद्रचूड़ के पिता वाईवी चंद्रचूड़ का रहा है। वह 22 फरवरी, 1978 को चीफ जस्टिस बने थे और उनका 11 जुलाई, 1985 को रिटायरमेंट हुआ था।

# नकली नोट छापकर बाजार में खपाने वाला गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

■ **मदरसे में छपता था नकली नोट**

■ **लखऊ 3 जनवरी**

उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में नकली नोट छापने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन के तहत नकली नोट छापने और उन्हें बाजार में खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह का सरगना मुबारक अली उर्फ नूरी, जो मल्हीपुर क्षेत्र के गंगापुर में स्थित फैजुर्रनबी मदरसे का प्रबंधक है, यूट्यूब के माध्यम से नोट छापने की तकनीक सीखकर यह आपराधिक गतिविधि चला रहा था।

मुबारक अली, जिसकी पांच बीवियां हैं, अपनी पत्नियों के साथ मिलकर नकली नोट छापने और उन्हें ग्रामीण बाजारों में खपाने का काम करता था। नकली नोट छापने के लिए उसने मदरसे का इस्तेमाल किया। यहीं पर एक प्रिंटर, लैपटॉप, स्याही और अन्य सामग्री की सहायता से नकली नोट तैयार किए जाते थे।



पुलिस ने बुधवार को मल्हीपुर क्षेत्र में छापेमारी करते हुए भेशरी नहरपुल के पास धर्मराज शुक्ला, रामसेवक और अवधेश पांडे नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस को गिरोह के मुख्य ठिकाने का पता चला। इसके बाद पुलिस ने गंगापुर स्थित फैजुर्रनबी मदरसे पर छापा मारा, जहां से बड़ी मात्रा में नकली नोट बनाने का सामान बरामद हुआ। इस कार्रवाई में पुलिस ने प्रिंटर और लैपटॉप, चार बोतल स्याही, ?14,500 के नकली नोट, ?14,500 के असली नोट, तमंचा और कारतूस, पांच मोबाइल फोन जैसी सामग्रियां बरामद कीं।

### गिरफ्तारी और पूछताछ

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि मौके से मुबारक अली उर्फ नूरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही जमील अहमद नाम के व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मुबारक अली की पांच पत्नियां अलग-अलग स्थानों पर रहकर नकली नोटों को बाजार में चलाने का काम करती थीं।

पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि इस जांच के दौरान नकली नोट बनाने और चलाने में शामिल अन्य लोगों के नाम भी सामने आएंगे।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि नकली नोट बनाने और उन्हें चलाने की कोशिश देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाली गंभीर आपराधिक गतिविधि है। प्रशासन ने इस मामले को प्राथमिकता से लेते हुए कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। श्रावस्ती जिले में इस घटना ने मदरसों की आड़ में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है, लेकिन इस मामले की तह तक जाने के लिए जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर अब तक 93.44 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

■ **रायपुर 3 जनवरी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है. वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है. राज्य में 14 नवम्बर 2024 से शुरू हुआ धान खरीदी का सिलसिला 31 जनवरी तक चलेगा. प्रदेश में अब तक लगभग 93.44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, जिसके एवज में 18.69 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 21 हजार 040 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है. धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी तक चलेगी. प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाइन एप 'टोकन तुंहर हाथ' एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है. किसान सुविधा अनुसार तिथी का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है.धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है. धान उठाव के लिए लगभग



62.72 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 36.38 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है. खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है. इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है. इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है. खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 2 जनवरी 2025 को 62494 किसानों से 2.90 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है. इसके लिए 81 हजार 926 टोकन जारी किए गए थे. आगामी दिवस के लिए 83 हजार 303 टोकन जारी किए गए हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 दिसंबर।** प्रदेश के कबीरधाम जिला के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में विकास की गूंज सुनाई देने लगी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 करोड़ 12 लाख 54 हजार रूपए की लागत से दो सड़कों के निर्माण कार्य का वनांचल क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन निर्माण कार्यों में दो प्रमुख सड़कों का समावेश है। पहला सड़क निर्माण कार्य दलदली मेन रोड खरिया मांदीभाटाखुर्द से अगरी तक 3.60 किलोमीटर लंबाई में होगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 78 लाख 61 हजार रूपए है। दूसरा निर्माण कार्य खरौदा से साजाटोला तक 3.50 किलोमीटर लंबाई में होगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार रूपए निर्धारित की गई है। सड़कों के निर्माण से ग्राम साजाटोला और अगरी बी के 350 से अधिक नागरिकों को लाभ होगा, जो अब बेहतर सड़क नेटवर्क की सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह सड़क निर्माण वनांचल क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि यह आर्थिक विकास और सामाजिक समृद्धि की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, काशीराम उइके, सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह सड़क निर्माण वनांचल क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि यह आर्थिक विकास और सामाजिक समृद्धि की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह सड़क वनांचल क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने पकड़ी आत्मनिर्भर बनने की नई राह

**दुर्ग, 3 जनवरी ।** शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के वार्ड नंबर 40 गनियारी पटेल पारा की महिलाओं ने जय माँ शाकाम्भरी स्व सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की राह पकड़ ली। समूह में पन्द्रह महिला सदस्य है। महिला समूह के सदस्यों ने शुरूआत से ही स्वंय की सहायता हेतु बचत कर अपने समूह को सशक्त बनाने का प्रण लिया था। महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भर बन चुकी है। प्रारंभ में महिलाओं ने प्रति सदस्य 100 रूपए के आधार पर 1500 रूपए हर महीने बैंक में जमा करना प्रारंभ किया, जिसके उपरांत समूह को केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत 10 हजार रूपए आवर्ति निधि प्रदान की गई। समूह की महिलाओं ने संकलित जमा राशि से और बैंक लिंकेज के माध्यम से एच.डी.एफ.सी. बैंक भिलाई-3 से 50 हजार रूपए ऋण प्राप्त करके 40 डिसमिल जमीन में सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किये।

## एक नजर

### किसानों की सामाजिक आर्थिक उन्नति में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने का महत्वपूर्ण योगदान



**कवर्धा, 3 जनवरी।** भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2024-25 सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने कारखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन में गन्ना किसानों को जारी पर्चियों और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कारखाने का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गन्ना विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने मिल सेक्शन, पावर जनरेशन सेक्शन, और प्रोसेसिंग सेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने कारखाने के अधिकारियों और कर्मचारियों को पेराई सत्र 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने निरीक्षण के दौरान अवगत कराया कि अब तक कारखाने द्वारा रिकॉर्ड डेढ़ लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई कर 1 लाख 29 हजार क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। एमडी जी एस शर्मा ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में अब तक गन्ना किसानों को 14.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। 30 नवंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार गन्ना किसानों को नियमित रूप से भुगतान किया जाएगा।

### चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 जनवरी।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के बीआरपी कालोनी के एक सूने मकान में चोरी करने वाले 26 वर्षी बदमाश सुमित पाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पकड़े गए आरोपित से चोरी के आभूषण जब्त किए गए हैं जिनकी कुल कीमत करीब 90 हजार रुपये आकी गई है पुलिस ने आरोपित के खिलाफ वैधानिक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया जहां से रिमांड पर जेल भेजा गया है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि बीआरपी कालोनी निवासी शिकायतकर्ता कार्तिक राम के घर पर चोरी की घटना हुई थी वह 31 दिसंबर की सुबह परिवार के का साथ पैतृक गांव मनकी जिला बालोद गया था एक जनवरी को पड़ोसी से घर का ताला टूटने की जानकारी मिलने पर वह लौटा था। उसने घर में जाकर देखा तो आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे आरोपित की पतासाजी में जुटी पुलिस ने बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी आदतन चोर सुमित को हिरासत में लेकर पूछताछ की पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार की आरोपित इसके पहले भी चोरी के मामले में जेल गया था छूटने के बाद वह कोलकाता चला गया था वहां से लौटने के बाद उसने फिर से चोरी की थी ।

### चेन स्नचिंग, तीन पकड़ाए



**भिलाई, 3 जनवरी।** भिलाई खुर्सीपार, वैशाली नगर और सुपेला के स्मृति नगर में हुई चेन स्नैचिंग करने वाले मास्टरमाइंड आरोपी को पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार किया है चोरी के चेन को महिला बेचने की फिराक में पकड़ी गई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में दो महिला सहित तीन आरोपियों गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से से 2 लाख 80 हजार के सोने के आभूषण बरामद किया है वहीं फरार अन्य एक आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि खुर्सीपार में 19 नवंबर, सुपेला और थाना वैशाली नगर में 8 दिसंबर को हुए चेन स्नैचिंग की घटना पर पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपियों के संबंध में घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया जा रहा था। साथ ही साथ क्षेत्र में मुखबीर लगाए गए थे इसी दौरान सूचना मिली कि डिम्पल हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी महिला चोरी के चेन को बेचने के फिराक में है पूछताछ करने पर डिम्पल ने निर्मल सिंह उर्फ करिया उर्फ रॉकी निवासी हाउसिंग बोर्ड हाल निवासी जबलपुर (मध्यप्रदेश) द्वारा सोने के चेन को चोरी कर अपने पास रखा होना बताया इसके बाद पुलिस ने निर्मल सिंह उर्फ रॉकी की तलाश की जो जबलपुर था। निर्मल सिंह को पकड़कर भिलाई लाकर पूछताछ करने पर संदेही निर्मल ने बताया कि दीप सिंह उर्फ दीपक के साथ मोटर सायकल साईन बिना नंबर में बैठकर 19 नवंबर को थाना खुर्सीपार क्षेत्र में एक झाड़ू लगाती महिला के मंगल सूत्र को छीन कर भागे थे जिसे डिम्पल के पास रखवाया था। उसके बाद 8 दिसंबर को अपने साथी दीप सिंह उर्फ दीपक के साथ वैशाली नगर दिगंबर जैन मंदिर के पास पैदल चल रही महिला के गले से सोने का चेन छीनकर मोटर सायकल से स्मृति नगर कोहका में एक फूल तोड रही महिला के गले से मंगलसूत्र छीन कर भागे थे छीने गए जेवरात को डिम्पल तथा अहिवारा में मनीषा के घर मोटर सायकल एवं जेवरात तथा मंगलसूत्र और मोती दाना को घर में रखना बताया आरोपी निर्मल सिंह की निशानदेही पर पुलिस टीम ने चोरी की जेवरात एवं चोरी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया ।

## बच्चों ओर युवाओं में गुटखा खाने से कैंसर होने का खतरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 जनवरी।** कबीरधाम जिले में गांवों और शहरों में युवाओं , स्कूली छात्रों , कालेज स्टूडेंट ओर कई कर्मचारियों , कई व्यापारियों में गुटखा खाने की आदत बढ़ती जा रही है जो की बहुत चिंतनीय विषय है । गुटखा खाने से कौन कौन सी बीमारी होने की संभावना होती है इस सवाल पर रूप जीवन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन ने बताया की गुटखा खाने भविष्य में मुख , गला का कैंसर होने की ज्यादा संभावना होती है । कवर्धा शहर में अधिकतर शासकीय कार्यालय से कुछ दूरी पर पोहा बेचने वाले हो या चाय बेचने वालो ओर समोसा बेचने वाले दुकानों में आसानी से गुटखा मिल जाती है जो की चिंताजनक है और नशा मुक्त अभियान का लगातार संदेश दिया जा रहा है फिट भी लोग गुटखा क्यों इतना खा रहे है जो की मन को चितिंत करती है । सरकार को नशा मुक्त अभियान पर गंभीरता से कदम उठाने की आवश्यकता है क्योंकि यदि गुटखा खाने से किसी को कैंसर होगा तो उसके परिवार में चिंता की लकीरें आ जाती है । बच्चों के माता पिता को समझाना चाहिए की बच्चों गुटखा खाने से कैंसर होता है इसलिए बच्चों गुटखा नहीं खाना चाहिये । स्कूल में टीचर्स को भी बच्चों को नशा मुक्त अभियान के प्रति प्रेरित करना चाहिए ओर सभी जनप्रतिनिधियों , सभी कार्यकर्ताओं , सभी पंच , सभी सरपंच , सभी पार्षद , सभी अध्यक्ष को वार्ड और गांव में नशा मुक्त अभियान के प्रति जागरूक करना चाहिये और एन जी ओ को को नशा मुक्त अभियान के प्रति गंभीरता से ध्यान देना देना चाहिये । कलेक्टर के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग भी नशा मुक्त अभियान का संदेश देती रहती है जो सराहनीय है साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला कबीरधाम भी समय पर बिना लाइसेंस के गुटखा बेचने वालों पर और स्कूलों के आसपास गुटखा बेचने वालो पर कारवाई करती रहती है जो सराहनीय है । लेकिन अब अब समाज के सभी अच्छे लोगो को नशा मुक्त अभियान से जुड़ने की आवश्यकता है तभी आज के बच्चे ओर युवा गुटखा खाने की आदत से दूर होंगे और कैंसर जैसी बीमारी नहीं होगी । जिस प्रकार बस , , सार्वजनिक स्थानों में सिगरेट पीना मना है वैसे शायद अब समय आ गया की सार्वजनिक स्थान पर गुटखा खाना मना है यह लिखना होगा तभी शायद लोगों में गुटखा खाने की आदत कम होगी । युवाओं में गुटखा खाना और शराब पीने की बढ़ती आदत कब होगी कम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में 3 व 4 को पेयजल आपूर्ति पूर्णतः रहेगी बाधित



**भिलाई, 3 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र से निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में जल प्रदाय किया जाता है। 66 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्च स्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के परिसर में लीकेज हो गया है। जिसके कारण 24 घंटे पानी का बहाव हो रहा है। पाईप लाईन 800 एम.एम. डाया का होने के कारण संधारण में लगभग 24 घंटे लगने की संभावना है। पाईप लाईन संधारण हेतु आवश्यक सामग्री संग्रहित कर ली गई है। पाईप लाईन संधारण दिनांक 03.01.2025 को किया जायेगा। जिससे दिनांक 04.01.2025 एवं 05.01.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खमरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्चस्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगी। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय किया जायेगा।

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी



**उतई, 3 जनवरी।** अंग्रेजी कैलेंडर नववर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सायं जी से दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सौजन्य भेंट कर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हम सब मिलकर इस नए वर्ष में अपने छत्तीसगढ़ को और अधिक प्रगतिशील, समृद्ध और खुशहाल बनाने का संकल्प लेते हैं। उनकी दूरदर्शिता एवं नेतृत्व से हमें नई ऊर्जा व प्रेरणा मिलती है।

## राजहरा माइंस अस्पताल स्वास्थ्य शिविर में 550 लोगों की जांच



भिलाई, 3 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल ने 1 जनवरी को एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें राजहरा के स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों और विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया। शिविर हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग और जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया। इस शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ सी के दास, डॉ प्रमोद बिनायक, डॉ सुबोध साहा, डॉ पी मर्सी, डॉ अशोक कुमार, डॉ इमैनुएल मस्से, डॉ अश्विन जायसवाल, डॉ प्रभदीप कौर, डॉ धीरज शर्मा, डॉ शिखा अग्रवाल, श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती सुरजा जयप्रसाद, विकास पांडे, डीएनबी डॉ अक्षय, डीएनबी डॉ रवि, डीएनबी डॉ शरयु सहित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई के विशेषज्ञ उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल के वरिष्ठ परामर्शदाता एवं प्रभारी डॉ. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस हॉस्पिटल की उनकी टीम भी उपस्थित थी, जिन्होंने शिविर के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया। आयोजन में 550 से अधिक परामर्श दिए गए, जिससे स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिल सके। मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। इस शिविर में स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टरों द्वारा 05 एलएसआई (ऑर्थोपेडिक प्रक्रियाएं) भी की गईं।

## आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान नाली में कचरा डालते पाया तो लगाया अर्थदंड



भिलाई, 3 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने देखा कि किराना दुकान के सामने एवं अन्य दुकान के सामने नाली में कचरा डाला गया है । प्लास्टिक पानी का गिलास, कुरकुरे, चिप्स, गुटखा, पान का रैपर आदि का हाथ के पैकेट पानी पाउच नाली में पड़ा था।। जो उसे दुकानदार द्वारा बेचे गए ग्राहकों द्वारा फेंका गया था। वह अपने दुकान के सामने डस्टबिन भी नहीं रखा था। आयुक्त ने पहले सब साफ करवाया, उसके बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। जोन क्रमांक 01 अंतर्गत नाली में कचरा डालने एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन नहीं पाये जाने वालो पर कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन एवं वार्ड क्रं 18 कान्ट्रेक्टर कॉलोनी क्षेत्र का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान दुकानदार संचालको द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखने वालो पर कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से शासकीय उचित मूल्य दुकान, राजकुमार साहू, आकाश कुमार गुप्ता, अर्जुन साव, देव टेलर्स एवं रूखमणी देवी वालो पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 4600 रुपये अर्थदंड वसूला गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यापारी सिंगल यूज प्लास्टिक में खाद्य सामग्री विक्रय कर रहे हैं या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे हैं या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में नहीं डाल रहे हैं, उनके पास जाकर उनसे चालानी कार्यवाही कर अर्थदंड वसूला जाए।

व्यापारियों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी कचरा पृथक कर नहीं दे रहे हैं एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं और शहर की साफ-सफाई में जो व्यापारी सहयोग नहीं कर रहे हैं, उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही लगातार की जा रही है। कार्यवाही के दौरान जोन प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख आदि उपस्थित रहे।

### घर में चोरी

**भिलाई, 3 जनवरी।** भिलाई बघेरा एसटीएफ कालोनी दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता राखी देवांगन ने दुर्ग चोरी की शिकायत की है शिकायतकर्ता 30 दिसंबर को परिवार के साथ मायके नयापारा दुर्ग गई थी 31 दिसंबर की सुबह वो घर लौटी तो उसे घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला और आभूषण भी गायब थे ।

## चिल्फी पुलिस की बड़ी कार्रवाई,34 किलो गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 3 जनवरी।** कवर्धा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं जिला अतिरिक पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल' के निर्देशनए और डीएसपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर' के नेतृत्व में थाना चिल्फी प्रभारी 'उमाशंकर राठौर' द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई। इस सफलता का श्रेय पुलिस की सतर्कताए समर्पण और कुशल कार्यप्रणाली को जाता हैए जिसने एक बड़ी तस्करी की साजिश को नाकाम कर दिया।गांजा की तस्करी के खिलाफजिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चिल्फी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से राजस्थान गांजा की तस्करी के लिए दो लोग एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी कार में यात्रा कर रहे हैं। इन तस्करों के पास भारी मात्रा में गांजा होने की सूचना थीए और ये गांजा उड़ीसा से राजस्थान की ओर ले जा रहे थे। सूचना के आधार पर थाना चिल्फी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आबकारी चेक पोस्ट पर नाकाबंदी की। इस नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने वाहन को रोका और उसकी गहन तलाशी शुरू की। पुलिस की सावधानी और तत्परता के चलते तस्करों की एक हाई.टेक साजिश का पर्दाफाश हुआ। तलाशी के दौरान पुलिस ने पाया कि कार की पिछली सीट के नीचे एक अत्यंत सटीक और खास डिजाइन किया हुआ सीक्रेट चैंबर छिपा हुआ था। यह चैंबर इस प्रकार वेल्डिंग किया गया था कि सामान्य जांच में इसका पता लगाना संभव नहीं था। चैंबर को इस तरह से डिजाइन किया गया था कि उसमें गांजा आसानी से छिपाया जा सकेए और चैंबर का खुलासा करना बेहद कठिन था। फिर भीए चिल्फी पुलिस की मुस्तैदी और विशेषज्ञता ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। कार के इस सीक्रेट चैंबर से 34.320 किलोग्राम गांजा बरामद किया गयाए जिसकी कीमत 6,0000 है। इसके साथ ही पुलिस ने दो एंड्रॉयड मोबाइल और एक मारुति सुजुकी कार भी जब्त की जिसकी कीमत 5,00,000 है। पुलिस ने बताया कि तस्करों ने नशे के व्यापार को छुपाने के लिए अत्याधुनिक तरीके अपनाए थे। सीक्रेट चैंबर को कार के हिस्से के रूप में डिज़ाइन किया गया था और इसे स्थायी वेल्डिंग से बंद किया गया था। यह चैंबर इतना कुशलतापूर्वक तैयार किया गया था कि सामान्य जांच में इसका खुलासा करना असंभव था। लेकिन पुलिस की सतर्कता और विवेकपूर्ण कार्रवाई ने इस साजिश को बेनकाब कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता के लिए पुलिस टीम की सराहना की और कहा कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर तरह की अवैध गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैए और किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से तस्करी करने वालों को एक स्पष्ट संदेश मिलता है कि कानून से बचना अब असंभव है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि मादक पदार्थों से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को तुरंत देंए ताकि इस तरह की साजिशों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। पुलिस के प्रयासों से यह सिद्ध हुआ है कि तस्करी करने वाले चाहे जितनी भी चतुराई अपनाएंए कानून की आंखों से बचकर नहीं निकल सकते। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगाए और पुलिस तस्करों के नेटवर्क को उजागर करने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। जनता से अपील है कि वे इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें और नशे के खिलाफ इस संघर्ष को मजबूत बनाएं।

## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 16 जनवरी तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 27 दिसम्बर 2024 से 16 जनवरी 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 3 जनवरी को बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदयिक भवन गली नं 5 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में व कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 एवं रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाडी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 4 जनवरी को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय कुम्हार पारा मोहारा में तथा 6 जनवरी को मोहड वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहड में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### गरीबों के अधिकारों की रक्षा में भाजपा सरकार अग्रणी:वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा

**राजनांदगाँव 3 जनवरी।** वरिष्ठ पार्षद और पूर्व नगर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। सरकार द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले चावल की योजना बंद नहीं होगी। इसके विपरीत, दीपावली तक गरीबों को निशुल्क चावल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जो सरकार की गरीब समर्थक नीतियों का प्रमाण है। श्री वर्मा ने कहा कि गलत बयानबाजी करने वाले लोग समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे भाजपा विरोधी लोगों से जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता है। भाजपा सरकार गरीबों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित कर रही है कि हर जरूरतमंद तक राहत पहुंच सके। श्री वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा की प्राथमिकता हमेशा से गरीबों और वंचित वर्गों की सेवा करना रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। गरीबों की चिंता हमारी प्राथमिकता है और रहेगा। भाजपा सरकार उनके उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।



### सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रथ यातायात नियमों के प्रति लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूक कर रहा



**राजनांदगांव 3 जनवरी।** 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात विभाग के सउनि कुंजलाल साहू आर. नेतराम साहू, आशीष पाटिल द्वारा जिले के ग्राम तुमड़ीबोड़, कोहका, नाथू नवागांव, मलईडबरी, उरई डबरी, तेन्दूनाला, चिचोला, हालेकोसा क्षेत्रों में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत से सुसज्जित यातायात रथ फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने अपील की जा रही है। यह अभियान सड़क सुरक्षा माह में लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालात में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जनता की सुविधा के लिए 5 जनवरी तक शिविर

**रायपुर 3 जनवरी।** पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड के भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जनता की सुविधा हेतु अश्वनी नगर स्थित वार्ड कार्यालय मे 2 से 5 जनवरी तक शिविर लगाया हैं जिसमें वार्ड के पटवारी भी उपस्थित रहेंगे । उक्त शिविर में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रधानमंत्री आवास योजना , जाति प्रमाण पत्र , आय प्रमाण पत्र , निवास प्रमाण पत्र , वंशावली प्रमाणपत्र और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज बनाने हेतु आवेदन फॉर्म को सत्यापित किया जाएगा , साथ में वार्ड पटवारी भी आवश्यकता अनुसार दस्तावेजों में सील / मुहर लगाकर दस्तावेजों को सत्यापित करेंगे । वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि आज शिविर में लगभग 86 नागरिकों ने आवश्यकतानुसार पार्षद एवं पटवारी से दस्तावेजों में सील / मुहर लगाकर प्रमाणपत्र प्राप्त किया । यह शिविर वार्ड कार्यालय में 2 से 5 जनवरी तक जनता की सुविधा के लिए चलता रहेगा आम नागरिक शिविर का लाभ उठाएं ।

# सिमट रहा बस्तर से माओवादी आतंक बदल रही बस्तर की पहचान:मुख्यमंत्री



**रायपुर, 3 जनवरी।** इस वर्ष जब मैं नये साल में अखबार पढ़ रहा था तो समाचारपत्रों के मुख्य पृष्ठ में बस्तर सुर्खियों में था। यह सुर्खियां किसी माओवादी हिंसा को लेकर नहीं थी, यह सुर्खियां बस्तर में पहुंचे विकास के उजाले को लेकर थी। बस्तर से माओवादी आतंक अब सिमट गया है। बस्तर की पहचान अब बदल गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बस्तर की अपनी चुनौतियां है और इस चुनौती भरे माहौल में पत्रकारिता करना भी चुनौतीपूर्ण कार्य है। बस्तर में आम जनता के उम्मीदों, विचारों और समस्याओं का आइना बनकर शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने के आप सभी के प्रयासों को नमन है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का पालन कर सरकार के अच्छे काम की जानकारी जनता को दें तथा कमियों को भी बताएं। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करने में बस्तर के पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और पदाधिकारियों को नये दायित्व के निर्वहन के साथ ही नववर्ष के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री मनीष गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे।

# भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल को नववर्ष की दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री राम जी भारती और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच लाल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने राजधानी रायपुर में जाकर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। इसी के साथ उन्होंने डॉक्टर सिंह से आग्रह किया कि वे राजनंदगांव में राजगामी संपदा न्यास करीब 1 वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति करने मुख्यमंत्री से आग्रह करें। जिले की डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक महेंद्र वैष्णव ने अपने राय रखते हुए कहा कि राजगामी संपदा न्यास का अध्यक्ष वैष्णव समाज से नियुक्त होना चाहिए। क्योंकि यहां के राजा वैष्णव समाज से थे। जिन्होंने अपनी बेशुमार संपत्ति शासन को दान किया है और उसी संपत्ति पर राजगामी संपदा न्यास गठित है। जिसमें प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी भी सरकार ने वैष्णव समाज को भुला दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से रामजी भारती प्रदेश महामन्त्री भाजपा छत्तीसगढ़,सुरेश एच लाल भाजपा के वरिष्ठ नेता, राकेश ठाकुर अध्यक्ष शनिधाम मन्दिर समिति, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र वैष्णव आदि उपस्थित थे।



# महापौर ने निगम कार्यालय के सभी विभागों में जाकर अधिकारी व कर्मचारियों को नववर्ष की दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** अपने कार्यकाल के अंतिम दिवस आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख अपने कक्ष में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से भेट मुलाकात कर सभी को नव वर्ष की बधाई देकर, पॉच साल सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इसी कडी में उन्होंने नगर निगम के सभी विभागों मे जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा विभागीय काम काज में सहयोग प्रदान करने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख आज प्रातः 11 बजे कक्ष में पहुँच अपने महापौर कार्यकाल के अंतिम दिवस जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से भेट मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप लोगों का मेरे महापौर कार्यकाल में बहुत अच्छा सहयोग मिला। आप लोगों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नगर विकास में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुये वरिष्ठो से इसी प्रकार आर्शीवाद बनाये रखने कहा। उन्होंने कहा कि शासन का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ और शासन द्वारा नगर विकास के लिये दी गयी स्वीकृति एवं राशि का सदुपयोग करने नियमानुसार प्रक्रिया कर विकास को मूर्तरूप दिया गया।



कार्यालय से जाने के पूर्व महापौर ने निगम कार्यालय के सभी विभागों सामान्य प्रशासन विभाग, लोककर्म, जल, प्रधानमंत्री आवास, भवन नजूल, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग आदि में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर उन्हे नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि नया वर्ष आप लोगों की जिन्दगी में नई किरण लेकर आये और आप इसी प्रकार हसी खुशी के माहौल में अपने दायित्वों का निर्वाहन करे। उन्होंने महापौर कार्यकाल में विभागीय कामकाज में सहयोग करने पर उन्हे धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीधे जनता से जुडी संस्था है, जिसमें काम करना बहुत कठिन है,किन्तु आप लोग के सहयोग से मैने अपना कार्य असानी से की और शहर को विकास की दिशा में ले जाने अग्रसर हुई। उन्होंने कहा कि आप सभी इसी प्रकार लगन से कार्य कर नगर निगम का नाम रोशन करे। मुलाकात के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा: 3 कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** प्रार्थी के लिखित आवेदन पर से थाना लालबाग में आरक्षक भर्ती संवर्ग मे अभ्यार्थीयों को मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने की बात पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4),338,336(3),340(2) 61(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारीयों को दिया गया। दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल चैटिंग मेसेज एवं गवाहो के बयान पर एवम् अन्य साक्ष्य सबूत इकट्ठा किया गया डिजीटल साक्ष्य और संदेहियों से पुछताछ के आधार पर आरोपियो के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपी 01. फ़वेंद्र चनाप पिता बुधराम उम्र 23 वर्ष ग्राम कुआंगाँव थाना देवरी जिला बालोद 02 विशाल यादव पिता मनोज उम्र 23 वर्ष निवासी मोतीपुर वार्ड नंबर 03 चौकी चिखली थाना कोतवाली 03 यशवन्त उइके पिता रामलाल उम्र 25 वर्ष निवासी तुलसीपुर वार्ड नंबर 17 साधू चाल थाना कोतवाली दोनों निवासी जिला राजनांदगांव को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।* पूर्व में 07 पुलिस कर्मी, 02 टेकनीशियन टीम, 02 महिला अभ्यार्थी सहित अब तक कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है मामले की विवेचना जारी है अन्य किसी के भी खिलाफ सबूत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### मो. इरफान शेख के दफ्तर में कटा सांसद पांडे का जन्मदिन केक



**राजनंदगांव 3 जनवरी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नंदई चौक स्थित कार्यालय में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे का जन्मदिन कल धूमधाम से मनाया गया। जनाब शेख ने लोकसभा सदस्य को केक खिलाकर शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मोर्चा के सदस्य पदाधिकारी सहित पार्टी के करीब 300 लोग उपस्थित थे। श्री पांडे ने इस दौरान मोहम्मद इरफान शेख सहित जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की तारीफ की। जब शेख सहित मोर्चे के सभी लोगों ने श्री पांडे को गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा कराकर जन्मदिन की बधाई दी जिसको लेकर सांसद श्री पांडे गदगद हुए। यह अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष भाई मो. इरफान शेख के साथ वरिष्ठ पार्षद भाई विजय राय, श्रीमती मधु बैद, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री देवसरण सेन, प्रदेश मंत्री श्री रफीक ख़ान, जिला अल्पसंख्यक महामंत्री ज़हीर अब्बास, भाई लक्ष्मण यादव, भाई अफ़ज़ल ख़ान, हैरी जोसेफ़, अख़्तर अली , अफ़सर ख़ान , भाई इमरान बीबा जी , मंडल अध्यक्ष भाई नदीम बड़गुजर, भाई सलीम क़ुरैशी, बजरंग दल के सदस्य भाई हेमंत राजपूत, शुभम चौहान, भूरू बड़गुजर, आजु सोलंकी , तबरेज़ ख़ान , अहमद ख़ान , इस्माइल ख़ान , मुस्ताक ख़ान , शहबाज़ ख़ान , मोहम्मद आसिफ़, रामेश्वर यदु (भूरू) , राजू ख़ान सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए थे।

### पीएचई विभाग ने राज्य स्तरीय जल परीक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र रायपुर से कराया जल का परीक्षण

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव श्री समीर शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न ग्रामों के जल स्त्रोतों में यूरेनियम की उपस्थिति की जानकारी मिली थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ रसायनज्ञ श्री परिमल दत्ता की उपस्थिति में जिले के विभिन्न ग्रामों के जल स्त्रोतों से जल नमूनों का संग्रहण कर जल में यूरेनियम के परीक्षण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के राज्य स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केन्द्र रायपुर कराया गया। जहां जल नमूनों की अत्याधुनिक एडवांस्ड तकनीक आधारित इनडक्टीव कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री (आईसीपीएमएस) मशीन से जांच की गई। इस मशीन से मुख्यतः सभी भारी धातु (हेवी मेटल्स) एवं यूरेनियम के परीक्षण की सुविधा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पेयजल में यूरेनियम की अधिकतम स्वीकार्य मात्रा 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर है। जांच के उपरांत जल नमूने में यूरेनियम की मात्रा 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर से काफी कम पायी गयी है, जो निर्धारित मानक सीमा के अंतर्गत है। पेयजल में यूरेनियम की अधिकतम स्वीकार्य मात्रा 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक होने से व्यक्ति को किडनी से संबंधित बीमारी होने की संभावना रहती है।

### एसपी ने जिले में अपराधों व निराकरण की वार्षिक जानकारी दी

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज वर्ष 2024 में शहर व जिले में विभिन्न थानों पुलिस चौकियों में घटित घटनाओं, अपराध उसके निराकरण आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई इत्यादि की जानकारी देते हुए आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि वर्ष 2023 में 4262 अपराध पंजीबद्ध किए। वहीं इस वर्ष 2024 में दिसम्बर तक 3932 अपराध विभिन्न श्रेणी के दर्ज किए गए है। जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, अपहरण, लूट, नकबजनी, चोरी, बलवा, दहेज मृत्यु, सील भंग, यौन उत्पीडन, धोखाधड़ी, दहेज व धाना 304 ए के साथ ही अन्य भादवी के 1163 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई व गिरफ्तारी इत्यादि कर कुछ मामलों में जेल दाखिल भी किया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शहर व जिले में पदस्थ एएसपी, डीएसपी एवं सीएसपी भी उपस्थित थे। श्री गर्ग ने कहा उनके 1 वर्ष के कार्यकाल में सायबर जागरुकता में विभाग को गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने का भी लाभ मिला। सायबर जागरुकता में ड्राइविंग लायसेंस कैम्प, खेलकूद, तिरनदाजी, कबड्डी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चलित थाना, बाईक पेट्रोलिंग भी पुलिस द्वारा की गई। महिला प्रकोष्ठ में 489 आवेदन आए। कुछ में समझौता, फाईल फैना कानूनी कार्रवाई की गई। प्रकरण लंबित भी है। उन्होंने बताया अवैध शराब, गांजा, ब्राउन शुगर, नशीली टैबलेट, जुआ सट्टा स्थानीय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। प्रतिबंधनात्मक कार्रवाई जिला बदर 18 बाउंड ओवर 2500 के तहत व कोटपा 274 प्रकरण भी आए है। नवीन गुंडा, निगरानी बदमाश, सडक़ दुर्घटना गत वर्ष की तुलना में कुछ प्रकरण बढ़े है। वहीं वीआईपी, वीवीआईपी में भी पुलिस ने सजगता रखी। वहीं दूसरी ओर कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय भी हुआ है। जब्त शराब एवं गांजा का नष्टीकरण किया गया। पंजीकृत अपराध एवं निराकृत अपराध की विस्तृत जानकारी आकड़ों सहित पुलिस अधीक्षक ने दी। नए वर्ष की बधाई के साथ पत्रकारवार्ता प्रारंभ हुई।

# कलेक्टर ने आपदा प्रभावितों के लिए 58 लाख 65 हजार रुपए सहायता राशि आबंटित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए 58 लाख 65 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि आबंटित की है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से 64 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 लाख 56 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 5 झोपड़ी क्षति होने पर 15 हजार रूपए, अतिवृष्टि से पक्का मकान क्षति होने पर 6 हजार 500 रूपए, अतिवृष्टि से 15 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 18 लाख रूपए, आकाशीय बिजली गिरने से दो बैल मृत होने पर 64 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं बैराज के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 4 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 4 लाख 80 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 39 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 56 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 6 पशु शेड क्षति होने पर 15 हजार रूपए, अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 105 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 2 लाख 65 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रूपए एवं अतिवृष्टि से 2 पक्का मकान क्षति होने पर 13 हजार रूपए, डोंगरगांव तहसील में अतिवृष्टि से 96 मकान आंशिक क्षति होने पर 3 लाख 84 हजार रूपए एवं अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 145 मकान आंशिक क्षति होने पर 5 लाख 79 हजार 500 रूपए, अतिवृष्टि से 1 पशु शेड क्षति होने पर 3 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 8 पक्के मकान की आंशिक क्षति होने पर 52 हजार रूपए एवं अतिवृष्टि से 6 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रूपए पर की प्रशासकीय स्वीकृति संबंधित तहसील को आबंटित किया गया है।



# वार्ड नंबर-6 से देवेश वैष्णव की तगड़ी दावेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 6 जो शासकीय मुद्रणालय वार्ड के नाम से जाना जाता है। वहां इस बार कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में देवेश वैष्णव की प्रबल दावेदारी है। श्री वैष्णव ने अपने वार्ड विकास का खाखा पहले ही तैयार कर लिया है। जिसकी जानकारी मतदाताओं को देते हुए आकर्षित कर रहे हैं। उनकी यह तैयारी वार्डवासियों को भा रही है। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 6 अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षित वार्ड है। जिसमें श्री वैष्णव की तैयारी बहुत पहले से चल रही है। वार्ड की जनता की समस्याओं को हल करने एवं वार्ड के विकास के लिए वह शुरू से गंभीर है और वार्ड वासियों के साथ मिलजुलकर प्रयास करते रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचने में उनकी बड़ी भागीदारी रही है। पिछली भूपेश सरकार के समय पार्टी के योजनाओं को वार्ड और वार्डवासियों को लाभ दिलाने में अच्छा योगदान रहा है। वैसे भी छोटी-मोटी समस्या लेकर वार्डवासी इनके पास आते रहे हैं।



वार्ड की बिजली पानी सफाई जैसी समस्याओं के निदान की दिशा में इन्होंने प्रशंसनीय कार्य किया है। शासन की की पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने में भी वह गरीबों जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं। विशेष कर राशन कार्ड के मामले में वार्डवासियों की अच्छी मदद की है। कोरोना काल के समय भी पीड़ितों का उपचार लाभ दिलाने में इनकी मानवता की चर्चा होती रही हैं। वैसे वार्ड की जनता इस बार देवेश वैष्णव को कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद रखे हुए हैं। श्री वैष्णव ने सुवास्फूर्त तो आगे आकर मौजूदा पार्षद कांग्रेस के ही वह अरविंद वर्मा का वार्ड के विकास में सहयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### जगदलपुर में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय का भूमिपूजन

# वसुधैव कुटुम्बकम और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है हमारी सनातन परम्परा:मुख्यमंत्री

**रायपुर,3 जनवरी।** कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र हमारी सनातन परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह मंत्र हमें सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। विद्या भारती संस्थान में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति के संस्कार भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है और इसी ध्येय के साथ प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम जैसी उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान उपलब्ध हैं। इसके अलावा राज्य में 341 पीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं जहां गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही प्रदेश के विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं और अनुकूल वातावरण प्रदान करने नालंदा परिसर भी बड़े शहरों में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति और दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्याभारती संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग ने विद्याभारती संस्था के प्रदेश में स्थित विभिन्न संस्थाओं के विकास के लिए सांसद निधि से हर वर्ष एक करोड़ रूपए दिए जाने तथा जगदलपुर विधायक श्री किरणदेव सिंह ने जगदलपुर स्थित संस्था के विकास के लिए 10 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदाय करने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्री राजबहादुर सिंह राणा, संस्थान के महामंत्री श्री नरेन्द्र तनेजा एवं श्री रामदत्त चक्रधर ने संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।



मुख्यमंत्री श्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधानपूर्वक आहुति दी और बस्तर सहित प्रदेशवासियों की प्रगति व खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने प्रांगण में सागौन के पौधे रोपे।

## संपादकीय

# सवाल रोजगार का है,सरकार भी गंभीर है

किसी भी आदमी के लिए रोजगार का सवाल सबसे गंभीर सवाल होता है, कोई भी सरकार हो यदि हजारों लोगों के रोजगार का सवाल है तो उसे गंभीरता से लेना चाहिए। क्योंकि यह उस व्यक्ति के परिवार के भरण पोषण से जुड़ा मामला होता है। यदि कोई सरकारी नौकरी कर रहा है और अचानक उसे नौकरी से हटा दिया जाए तो वह व्यक्ति तो फिर से बेरोजगार होता है, उससे साथ जुड़े लोगों के लिए भरण-पोषण की समस्या पैदा हो जाती है। इसलिए जब बड़ी संख्या में कोई सरकार हजारों बेरोजगार युवाओं को रोजगार देती है तो उसे इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि उन हजारों युवाओं को भविष्य में किसी कारण से नौकरी से हटाना न पड़े। एक सरकार नौकरी देती है और दूसरी सरकार के समय उनकी नौकरी चली जाती है तो किसी ने किसी का दोष तो हैं। हो सकता है कि पहली सरकार ने लोगों को रोजगार देने के नाम पर कोई गलती की है जिसे न्यायालय ने गलत माना और इसका खामियाजा सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को आज भुगतना पड़ रहा है। भूपेश बघेल सरकार के समय बस्तर व सरगुजा संभाग के स्कूलों में रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती की गई थी,इसके लिए व्यापम ने भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। भूपेश सरकार ने नियम में बदलाव करते हुए प्राइमरी स्कूल में बीएडधारी लोगों को भी सहायक शिक्षक के लिए पात्रता की छूट दे दी। इसका परिणाम यह हुआ कि बस्तर व सरगुजा संभाग के प्राइमरी स्कूलों में 2900 बीएडधारी शिक्षकों की नियुक्ति हो गई। इसके कारण डीएडधारी लोग सहायक शिक्षक बनने से वंचित हो गए।उन्होंने बीएडधारी लोगों की प्राइमरी स्कूलों में नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी तो मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और कोर्ट ने सरकार से कहा है कि बस्तर व सरगुजा संभाग के प्राइमरी स्कूलों में बीएडधारी शिक्षकों को हटाकर उनकी जगह डीएडधारी लोगों को सहायक शिक्षक बनाया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए बीएडधारी सहायक शिक्षकों को हटाना शुरू कर दिया है। नौकरी से हटाए जाने के विरोध में बीएडधारी सहायक शिक्षक सड़क पर उतर आए। वे अचानक बिना किसी सूचना के भाजपा के राज्य मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदर्शन करने पहुंच गए। भाजपा कार्यालय में कोई नहीं था, वे गेट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर गए और धरना दिया। उसके बाद पुलिस ने उनको वहां से बाहर निकाला। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई संगठन किसी राजनीतिक दल के कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने पहुंच गए। अब तक संगठन राज्य सरकार के खिलाफ ही धरना प्रदर्शन करते रहे है,सीएम निवास का घेराव करते रहे हैं। पहली बार किसी संगठन ने ऐसा किया है, इसे लेकर कहा जा रहा है कि यह किसी की साजिश है। नौकरी से हटाए जा रहे बीएडधारी सहायक शिक्षकों की मांग है कि उन्हें शिक्षकों के खाली पद पर समायोजित किया जाए,उन्होंने व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा पास की है और एक शिक्षक की पूरी योग्यता रखते हैं। राज्य के स्कूलों में वर्तमान में सहायक शिक्षकों के सैकड़ों पद खाली हैं। नौकरी से हटाए जा रहे सहायक शिक्षकों का कहना है कि ज्यादातर शिक्षक दूसरी सरकारी नौकरी छोड़ कर आए हैं।कई सहायक शिक्षकों की उम्र सरकारी नौकरी के लिए पार हो चुकी है।ऐसे में बड़ी संख्या में सहायक शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति शासन के नियमों के तहत हुई है।इसलिए सरकार को उनके भविष्य की चिंता करनी चाहिए। बीएड डिग्रीधारी2897 सहायक शिक्षकों की सेवा समाप्ति को शासन ने गंभीरता से लिया है और उनके समायोजन की संभावनाओं पर विचार करना शुरू कर दिया है। बुधवार को मुख्यसचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति हाईकोर्ट के आदेश पर हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन की ऐसी ही किसी दूसरी संभावनाओं पर विचार कर रिपोर्ट देगी। इस मामले में पहले दो मार्च 24 को सीधी भर्ती 2023 के बीएड पात्रता के आधार पर चयनित सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को हाईकोर्ट ने अमान्य कर दिया और डीएड पात्रता वाले अभ्यर्थियों का चयन करने का आदेश दिया। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मे अपील दायर की जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को खारिज कर दिया।इस निर्णय पर पुनर्विचार के लिए राज्य शासन नें सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की है जो अभी लंबित है। अपनी नौकरी बचाने के लिए सहायक शिक्षकों ने 14 दिसंबर को अनुनय रैली अंबिकापुर से निकाली जो 19 दिसंबर को रायपुर पहुंची,इसके बात राजधानी में आंदोलन किया गया। सहायक शिक्षकों ने नौकरी से हटाए जाने के विरोध में 27 दिसंबर को तूता के धरनास्थल पर सरकार का ध्यान खींचन के लिए सामूहिक मूंडन कराया।28 दिसंबर को ध्यानाकर्षण के लिए हवन पूजन किया गया। 30 दिसंबर को तूता के तालाब में जल सत्याग्रह किया। इसका कोई असर नहीं हुआ । जो होना था हुआ। इसे लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच अब राजनीति शुरू हो गई है।कांग्रेस का कहना है कि बीएडडिग्रीधारी 2897 शिक्षकों की बर्खास्तगी भाजपा सरकार का असंवेदनशील और अमानवीय कदम है। सरकार चाहती तो इस शिक्षकों की नौकरी बचाई जा सकती थी। कांग्रेस भाजपा सरकार से मांग करती है कि इन शिक्षकों की फिर से बहाली की जाए। कांग्रेस का आरोप है कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनी है तब से युवाओं को रोजगार मिलने के बजाय उनसे रोजगार छीनने का काम कर रही है। शिक्षक बड़ी उम्मीद से भाजपा कार्यालय गए थे,वहां उनके साथ बदतमीजी की गई। कांग्रेस का कहना है कि सरकार यदि चाहे तो इन शिक्षकों को उच्च शिक्षा विभाग में लैब टैक्निशियन के पद पर समायोजित कर सकती है। वहीं इस मामले में भाजपा का कहना है कि कांग्रेस सरकार के कृत्यों की सजा हजारों बीएड डिग्रीधारी शिक्षक भुगत रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 2897 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को निरस्त किया गया है।इस मामले में भाजपा सरकार संवेदनशील हैं। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस सरकार ने इन शिक्षकों को भर्ती करते समय नियमों पर ध्यान नहीं दिया। अपने नेता राहुल गांधी के सामने वाहवाही लूटने के लिए देर से नियुक्ति पत्र जारी किया। उसने न्यायालय के सामने ठीक से शिक्षकों का पक्ष ठीक से नहीं रखा, अगर उनका पक्ष ठीक से रखा होता आज जो हुआ है वह नहीं होता।

ललित गर्ग

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ह्यमाफीह्ल मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दशार्ता है।



मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपु? में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ह्यह्यमैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी ह्लह्ल प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं। बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें। 2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली। लेकिन पूर्व की हिंसक घटनाओं और मृतकों की संख्या को उससे बनने वाले माहौल से अलग करके नहीं देखा जा सकता। तनाव, संघर्ष और अविश्वास के जिस माहौल से मणिपुर गुजर रहा है, उसकी सचाई इसी हफ्ते कांगपोकपी जिले में कथित कम्युनिटी बंकरों को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट किए जाने पर हुए संघर्ष में 40 लोगों के जख्मी होने और कुकी नैशनल फ्रंट के कथित हमलों के खिलाफ चुराचांदपुर जिले में बंद का आह्वान किए जाने से स्पष्ट है। अभी भी असामान्य हालातों के बीच सवाल है कि मुख्यमंत्री की इस माफी का राज्य के अलग-अलग समुदायों के लोगों पर कैसा और कितना असर पड़ेगा? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यह आरोप संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लगता रहा है कि मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन की भूमिका निरपेक्ष नहीं है। आरोप पूरी तरह गलत हो तो भी इससे इतना तो स्पष्ट है कि प्रदेश के लोगों का एक खेमा उन्हें अविश्वास भरी नजरों से देखता है। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृत्ति राजनीतिक कारणों से दिख रही है वो किसी भी नजरिए से देश की एकता और अखण्डता के लिये फायदेमंद नहीं है। मुद्दा चाहे कोई भी, खांचों या खेमों में बांटने या बंटने का और आम लोगों को तोड़ने का या जोड़ने का- राजनीति से जुड़े लोगों, राजनीतिक दलों और नेताओं में तो शुरू से रहा है लेकिन जब समाज में आम लोग भी इस तरह के बंटवारे का हिस्सा बन जाते हैं तो इसमें नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश के नागरिकों का होता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार संकट में सही ढंग से नहीं निपटने के चलते अपनी विश्वसनीयता पहले ही खो चुकी है, लेकिन उसे पुनः हासिल करने के लिये माफी से आगे बढ़कर और अधिक सामाजिक एकता, समरसता एवं सौहार्द के प्रयत्न करने होंगे। हमारे देश की राजनीति की विडम्बना ही रही है कि लोगों को धर्म, जाति, वर्ग, भाषा, वर्ण के नाम पर बांट कर किसी न किसी तरह सत्ता हासिल करना। हालांकि सही मायने में लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति की परिभाषा और दायरा उससे कहीं ज्यादा व्यापक है। जातीय हिंसा का समाधान संवाद से ही होता है। राज्य सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मैतेई और कुकी समुदाय के साथ लगातार संवाद जारी रखना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष का किसी व्यक्ति से यदि रिश्तों में कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। भाई-बहनों का पारिवारिक बिजनेस में आपका पूरा साथ देंगे, जिससे आपका बिजनेस पहले से बेहतर रहेगा, लेकिन आपको किसी बात को लेकर अपनी मनमर्जी चलाने से बचना होगा, नहीं तो उन्हें आपकी बात बुरी लग सकती है।

वृष- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से राहत दिलाने वाला रहेगा। काम के सिलसिले में आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा, इसलिए आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। कोई नया काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। यदि आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड रहेंगे तो इससे आपके काम बिगड़ेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। बिजनेस के कामों में आप कोई जल्दबाजी दिखाएंगे, जिससे गड़बड़ी हो सकती है। आपने यदि किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे। यदि आप किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई लोन के लिए अप्लाई कर रहे हैं, तो उसे मिलने में भी आपको आसानी होगी। सामाजिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा अच्छा रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलने से खुशी होगी। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे, लेकिन फिर भी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आपको किसी इवेंट के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें। कोई सरप्राइज गिफ्ट मिलने से आपको खुशी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर बेवजह न उलझें, नहीं तो इससे आपके रिश्ते खराब हो सकते हैं। बिजनेस में आप किसी को पार्टनर बना सकते हैं। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। आपको अपने आलस्य को दूर भगाना होगा। किसी नए घर की खरीदारी के लिए आप बातचीत कर सकते हैं। आपकी जीवनसाथी से चल रही खटपट भी दूर होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप यदि किसी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। आप आज नौकरी में परेशान रहेंगे, लेकिन आप किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटेंगे, तभी उन्हें कोई सफलता हासिल होती दिख रही है। आपको किसी से कोई बात बोलने से पहले सोचविचार अवश्य करना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आप किसी से धन उधार लेने से बचें। परिवार के सदस्य के करियर को लेकर यदि कोई निर्णय लेना पड़े, तो आप बहुत ही सोच विचारकर लें। माताजी को आप किसी धार्मिक यात्रा पर लेकर जा सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में यदि किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपका कोई गुप्त राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ावों के कारण समस्या भरपूर रहेगी। घर में किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और परिवार के सभी सदस्य व्यस्त नजर आएंगे, लेकिन आप खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान दें, नहीं तो उनके बढ़ने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलेगी। आप अपने घर के साथ-साथ रखरखाव पर भी पूरा ध्यान देंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपने यदि शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह भी आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगा। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई-लिखाई की योजना बना रहे हैं, तो उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अपने साथी के मनवाने व्यवहार को लेकर परेशान रहेंगे। आपको किसी से भी कोई बात बहुत ही सोच समझकर कहनी होगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई में ढील दे सकते हैं, क्योंकि वह बाकी कामों पर ध्यान लगाएंगे। बिजनेस में भी आपको किसी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है, नहीं तो उसमें गड़बड़ी हो सकती है। आपके ऑफिस में रिश्ते बेहतर रहेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको राजनीति में थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण किसी समस्या को दावत दे सकते हैं। यदि आपने किसी मकान, दुकान या प्लाट आदि की खरीदारी करने का सोचा है, तो आपकी वह बात आगे बढ़ सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई वादा सोच समझकर करना होगा। यदि आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो, तो आप उसमें किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, जिससे आपको खुशी होगी। कोई काम यदि धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे, जिससे आपको उनसे शाबाशी सुनने को मिलेगी।

# जीवन से हार मानकर रील बनाने से क्या होगा?

मनोज कुमार अग्रवाल

आपको सुबह के समाचारों में एक और विवाहित युवक पुनीत द्वारा अपनी पत्नी के साथ चल रहे डायवर्स के विवाद के चलते सुसाइड करने का समाचार मिला होगा। अभी देश अतुल सुभाष की आत्महत्या के सदमे से उबरा भी नहीं था कि पिछले दिनों दिल्ली से अतुल सुभाष जैसा ही एक और केस सामने आया है।

दिल्ली के रहने वाले पुनीत खुराना की 2016 में शादी हुई थी, अब पुनीत ने खुद की जान ले ली है। पुनीत की खुदकुशी के पीछे उनके परिवार ने उनकी पत्नी को वजह बताया है, पुनीत के परिवार का कहना है कि पुनीत से उसकी पत्नी का तलाक के लिए केस चल रहा था।आत्महत्या से पहले पत्नी से पुनीत की फोन पर बात हुई जिसकी रिकार्ड क्लिप वायरल हो रही है। बातचीत के बाद पुनीत ने पंखे से लटककर अपनी जान दे दी।

उनके परिवार का कहना है कि पुनीत ने खुदकुशी से पहले लगभग 1 घंटे का वीडियो भी बनाया है। आखिर यह कब तक रुकेगा।?हमारे देश की लचर कानून व्यवस्था और कितने अतुल व पुनीत की बलि लेगी।वहीं सवाल यह भी है कि विवाहित युवा भीतर ही भीतर कितना टूट जाते हैं कि वह बात बेबात पर सुसाइड कर रहे हैं। दरअसल आजकल युवाओं में जिंदगी के प्रति फास्टफूड जैसी सोच पनप रही है यदि आपसी संबंधों में तनाव पनपता है तो वह जीवन साथी को तत्काल अपने अनुसार चलाना चाहते हैं जबकि किसी भी युवक या युवती के लिए यह संभव नहीं है कि वह एक दूसरे की सोच और जीवन जीने के तरीके पर सौ फीसदी खरी उतरे। दरअसल इस के लिए पति पत्नी के बीच सामंजस्य स्थापित करने की जरूरत है पहले संयुक्त परिवार की परंपरा में यह सामंजस्यपूर्ण व्यवहार परिवार में परवरिश के दौरान खुद सीख समझ लेते थे लेकिन अब एकल परिवार के जमाने में सामंजस्य का बेहद अभाव हो गया है। पति-पत्नी एक दूसरे पर अपनी सोच जबरन थोपना चाहते हैं बस यही कारण है कि आपस में विवाद और मुकदमे बाजी शुरू हो जाती है।

दूसरा बड़ा कारण कानून में महिलाओं को संरक्षण और पुरुष को अपराधी मानने वाले कानून हैं। अब दहेज व घरेलू प्रताड़ना से संबंधित कानूनों में बदलाव नितांत आवश्यक हो गया है ताकि न्याय की इस भावना का पालन हो सके। किसी निर्दोष को सजा नहीं होना चाहिए। आत्म हत्या जैसा कठिन निर्णय कोई जिम्मेदार व्यक्ति यूं ही नहीं लेता इसलिए अब न्यायविदों व समाज सुधारकों को यह सोचना ही होगा कि जब एक युवक आत्महत्या के लिए विवश हुआ होगा तो उससे पूर्व उसे कितनी मानसिक प्रताड़ना और पीड़ा से



गुजरना पड़ा होगा ? सरकार को भी इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि महिलाओं या किसी अन्य वर्ग के संरक्षण के लिए बने कानूनों का दुरुपयोग न हो , वह इसकी पुख्ता व्यवस्था करे। इन कानूनों का दुरुपयोग करने वालों पर कठोर कार्रवाई होना ही चाहिए , चाहे वह पुलिस विभाग का आदमी हो, न्यायपालिका से जुड़े लोग हों या फिर वे शातिर खिलाड़ी जो इन कानूनों से खेलते हैं। इन कानूनों में सुधार के लिए सरकार व न्यायपालिका पर दवाब इसके लिए हम सभी जागरूक लोगों को सक्रिय होकर अपनी आवाज बुलंद तरीके से उठानी होगी !

आजकल सोशल मीडिया का जमाना है। यह अपनी बात संबंधित लोगों तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है इसलूसोशल मीडिया पर खुलकर अपनी बात रखे ! सम्बंधित खबरों को लाइक के साथ ही शेयर भी करें और कमेंट में अपने विचार भी जरूर दें जिससे कि ऐसे पोस्ट की रीच बढ़ सके और यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके ।तथ्य पूर्ण तरीके से संयमित भाषा में अपनी बात रखें !

ध्यान रखें , ये नारी बनाम पुरुष का मसला नहीं है ! ये पक्षपात पूर्ण कानून , सालों चलने वाली लम्बी , थका देने वाली और उबाऊ कानूनी प्रकिया , असम्बेदनशील तंत्र और पुरुषों के अंतहीन शोषण का गम्भीर विषय है !

अधिकतम लोगो को इसमें प्रतिक्रिया देनी चाहिए, क्योंकि आज ये दूसरों के साथ हो रहा है , कल आपके अपने भी इससे परेशान हो सकते हैं ! बदलाव बहुत धीमे होते हैं , सरकार और समाज की सोच बदलना इतना आसान नहीं है लेकिन यह असंभव भी नहीं है ! अतः लम्बे समय तक निरंतर सक्रिय रहें ! ये हमारा सामाजिक दायित्व है कि अन्याय के खिलाफ हम मिलकर आवाज आवाज उठायें ! कुछ लोग इस तरह की स्थिति में फॅंसने पर इसे अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ लेते हैं जिस कारण संकोच वश ये दूसरे लोगों से इसकी चर्चा करने परहेज करते हैं। इस संकोच को त्याग दें कि लोग क्या कहेंगे? कोई कुछ नहीं कहेगा और कहेगा भी वह क्या कर लेगा? आज कल किसी को किसी की परवाह नहीं है, लोग मुँह पर तो सहानुभूति जताते हैं और पीठ पीछे मजाक उड़ाते हैं। अतः सामाजिक निन्दा की परवाह न करें! आपकी जितनी बेइज्जती होनी थी वह है चुकी इसलिए खुलकर अपने साथ हो रहे अत्याचार , ब्लैकमेल और शोषण को जाहिर करें !

सबसे अंतिम व सबसे महत्वपूर्ण बात कि अपने जैसे अन्य पीड़ीत लोगों का साथ दे , उनका मोरल सपोर्ट करे ! संगठित होकर ₹ मी टू जैसे अभियान के माध्यम से अपनी पीड़ा जग जाहिर करें ! पुनीत और अतुल की सुसाइड अंतिम नहीं है अभी जब तक युवाओं में सिर्फ पत्नी या अफेयर के अलावा भी परिवार के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास नहीं किया जाता है और रील बनाने को प्राथमिकता देने का सोशल मीडिया मे फर्जी प्रचार व सहानुभूति पाने की ललक कम नही होगी ऐसी घटनाएं घटित होती रहेंगी। जरूरत इस बात की है कि युवा पीढ़ी जीवन के महत्व को समझें सुसाइड करना रील बनाना सहानुभूति हासिल करना कोई मायने नहीं है इनकी अहमियत जीवन के अस्तित्व में रहने तक है। रील कितने दिन वायरल होगी? इस सहानुभूति से क्या हासिल होगा? पत्नी या प्रेमिका के इत्र भी मा बाप भाई बहन दोस्त सहकर्मी समेत एक पूरा संसार है। उसका भी विचार करना चाहिए यह निरी मूर्खता उतावलापन के सिवाय कुछ नहीं है।

## श्रध्दांजलि

# वह नेता जिसने भविष्य देखा

शिवमोहन मिश्र

जमाना कर ना सका उसके कद का अंदाजा वो आसमान था मगर सर झुका के चलता था। और फिर भी डॉ. मनमोहन सिंह जी के प्रधानमंत्रित्व के नेतृत्व में देश ने विश्व में अपना स्थान बनाया था, वे एक विश्वविख्यात अर्थशास्त्री थे, जिसने भारत को उत्तर आधुनिकवाद के भी आगे लाकर खड़ा कर दिया। ऐसा व्यक्तित्व इतिहास में न कभी पैदा हुआ है और न होगा। महात्मा गांधी की तरह और उनका अनुसरण करने वालों से अधिक मनमोहन सिंह को यह दिखाने के लिए सबसे अधिक याद किया जाएगा, कैसे कम शक्ति और अधिक हो सकती है। डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि ₹इतिहास उनके क्षण की तुलना में अधिक दयालुता से उनका मूल्यांकन करेगा₹। इतिहास का इतना सही कहने के लिए एक ऐसे व्यक्ति थे जिसने अपने देश का चेहरा बदलने में मदद की।



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को इसके लिये याद किया जाएगा कि कम शक्ति अधिक हो सकती है। महान शक्ति के साथ महान बाधाएं आती हैं, लेकिन किसी अन्य चीज से अधिक। डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आदि ऐसे ही महान व्यक्ति थे जिन्होंने जमीन से अपना जीवन शुरू किया। डॉ. मनमोहन सिंह सिंह के जीवन और उनके कार्यों ने लम्बे और ज्वलंत चक्र ने लोकतंत्र के संबंध में इस आवश्यक सत्य को मूर्तरूप दिया। यह सत्य है और सबक है जो अक्सर संगठित हो जाता है। विशेष रूप से जब दुनिया भर में सशक्त लोगों की राजनीति तथा विजेता राष्ट्रों द्वारा सभी कुछ छीन लेने के संबंध में नियंत्रण और संतुलन पर नियंत्रण रखने के लिए कोशिशें हो रहीं हो तब देश की राजनीति, आर्थिक, सामाजिक स्थितियों को संभालने के लिए कठिन चुनौती बन जाती है। एक बार फिर डॉ. सिंह के कैरियर के दो सशक्त पहलुओं को देखें। जून 1991 और मई 2004। दोनों ही आश्चर्यजनक रूप से सीमित स्पष्ट रूप से घिरे हुए थे। पहले में पी.व्ही. नरसिंहाराव के नेतृत्व वाली अल्पमत सरकार में बतौर वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली, जब भारत ने संघर्ष किया था। भुगतान संतुलन का संकट और इसकी शुरूआत एक ऐसी दुनिया में दिवालियापन के खतरे से हुई जो सुलझाने के लहरदार प्रभावों से अस्थिर थी, सोवियत साम्राज्य के कारण। दूसरे में चुनाव के बाद वे प्रधानमंत्री बने। जिसमें खण्डित जनादेश ने कांग्रेस को विभाजित कर दिया। जिसने अभी तक पूरी तरह से सहयोगियों के साथ सत्ता साझा करना सीखना शुरू किया था। उनके पास खुद का कोई राजनीतिक क्षेत्र नहीं था, जिसे वे अपना कह सके। वे अपना एकमात्र लोकसभा चुनाव 1999 में दक्षिणी दिल्ली से हार गए थे। उन्हें सोनिया गांधी ने अपनी ₹आत्मा की आवाज₹ पर कार्य करते हुए प्रधानमंत्री नियुक्त किया था जिससे उन्हें बड़े पैमाने पर शासन करने में मदद मिली। वे इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के नरसंहार के भय से भयभीत पार्टी के पहले सिख प्रधानमंत्री थे। वास्तव में 2005 में सिखों और ₹सम्पूर्ण भारत राष्ट्र₹ से उनकी माफी एक अमेरिकी के रूप में थी। राजनायिकों ने बाद में इसे ₹नैतिक स्पष्टता का एक शक्तिशाली गांधीवादी क्षण₹ कहा। डॉ. मनमोहन सिंह एक सशक्त व्यक्ति के रूप में सत्ता में नहीं आए, उन्होंने अवसरों को भुनाने और देश की दिशा बदलने वाली सफलताओं को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिभा को त्याग दिया। वित्त मंत्री के रूप में 1991 के सुधारों के साथ चार दशकों की पुरानी परम्परा को खत्म कर दिया। अर्थव्यवस्था, औद्योगिक लायसेंसिग और राज्य के नेतृत्व वाली योजना, उदारीकरण और वैश्वीकरण की अविश्वसनीय शक्तियों के लिए देश के द्वार खोले। उनके द्वारा शुरू किए गए सुधारों ने करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की कोशिश की। गरीबी ने मध्यम वर्ग का निर्माण किया, जो देश के आर्थिक और राजनीतिक भविष्य को आकार दे रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में सोनिया गांधी द्वारा समर्थित उन्होंने एक आधुनिक कल्याणकारी राज्य की मूलभूत संरचना रखी। सबसे अधिक हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए मनरेगा की भूमिका वाली एक अधिकार आधारित योजना प्रारंभ की, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा का अधिकार, सूचना के अधिकार और इसकी जवाबदेही के वादे से वंचित थे।

बेशक डॉ. सिंह की राह आसान नहीं थी, कई आरोप उन पर गढ़े गए लेकिन कई मुद्दों पर वे चुप थे। लम्बे समय तक वे अपने सहयोगियों और उससे अधिक अपनी ही पार्टी द्वारा खुद को कमजोर करने को लेकर बहुत सहनशील थे। कई बार ऐसा भी हुआ जब रिमोट कन्ट्रोल से कोसो दूर दिखलाई पड़े। (इंडि.एक्स.) प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में डॉ. सिंह कांग्रेस के भीतर ₹पावरप्लेर, सहयोगी संकटों और अपनी गठबंधन सरकार में कथित घोटालों की बाढ़ से सत्ता के साथ मूल समझौते में अंकित कमजोरियों से आगे निकल गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष ने उन्हें ₹एक सप्ताह का प्रधानमंत्री₹ कहा। कहा जा सकता है कि उनके दूसरे कार्यकाल में अन्ना हजारे आन्दोलन के लिए जमीन तैयार की, जिसने बदले में केन्द्र में भाजपा के नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एकल पार्टी के आने की भविष्यवाणी की।

**एक नजर**

## 8 से 15 जनवरी तक शहरी क्षेत्र कांकेर में वितरित की जाएगी मच्छरदानी

**कांकेर 3 जनवरी।** शासन के निर्देशानुसार पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला मलेरिया कार्यालय के सभाकक्ष में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डी.के.रामटेके की अध्यक्षता में जिला मलेरिया कार्यालय के सभा कक्ष में पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत मच्छरदानी वितरण के संबंध में शहरी क्षेत्र के 08 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सेक्टर सुपरवाईजर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला, पुरुष को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 08 से 15 जनवरी तक शहरी क्षेत्र कांकेर के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के आश्रित ग्राम, वार्ड, पारा में शासन द्वारा प्रदाय किया गया पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत मच्छरदानी का वितरण किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा प्रदत्त मच्छरदानी दवा लेपित है, जिससे मच्छरों के साथ-साथ अन्य जहरीले कीट पतंगों से भी व्यक्ति की सुरक्षा होती है। उन्होंने जनसमुदाय से अपील करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानीनों से सम्पर्क कर मच्छरदानी प्राप्त करें एवं मलेरिया उन्मूलन में सहयोग करने कहा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ओ.पी.शंखवार एवं जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती मीना शर्मा सहित विभाग के कर्मचारी और सेक्टर सुपरवाईजर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बस्तर ओलंपिक में कबड्डी खेल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालक-बालिका टीम का कलेक्टर ने किया सम्मान



**दंतेवाड़ा, 3 जनवरी** । विगत दिवस बस्तर संभाग के जगदलपुर में संपन्न हुए बस्तर ओलंपिक खेल आयोजन में जिले के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके तहत कबड्डी प्रतियोगिता अंतर्गत सीनियर पुरुष वर्ग में जिले की टीम ने जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया वही सीनियर बालिका वर्ग में भी जिले की टीम विजेता बनी। इस क्रम में आज जिले के कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी उपरोक्त विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल कौशल हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.के. अम्बस्ट, डीएमसी श्री हरीश गौतम, जिला खेल अधिकारी श्री प्रदीप सिंह सहित बालक बालिकाएं उपस्थित थे।

## धीरे-धीरे आशा बंधी और बन गया पक्का मकान

**जगदलपुर, 3 जनवरी ।** कभी खुद का पक्का मकान बनाना सपने से कम नहीं था, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण ) की सूची में नाम आने से धीरे-धीरे आशा बंधी और मेरा पक्का मकान बन गया। ये कहना है, दूरस्थ वंनाचल क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा में रहने वाली सुबरी बाई का, जिसे आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जगदलपुर स्थित अजजा पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन में उसे नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत् उसके घर की चाबी सौंपी। सुबरी बाई ने बताया कि लंबे समय तक कच्चे घर में रहने के कारण हर बारिश के मौसम में छत टपकने और पानी घुसने की चिंता बनी रहती थी। साथ ही बंदरों द्वारा भी उनके कच्चे मकान में खूब उत्पात मचाया जाता था। कच्चा आवास होने के कारण जहरीले जीव जंतुओं के घुसने का भी खतरा बना रहता था।सुबरी बाई ने प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें अपने घर की सुरक्षा और आराम का भरोसा है। प्रशासन ने उनकी मदद की, जिसके कारण उनका घर बन सकेगा। बारिश के दौरान जो समस्याएं पहले उन्हें हर साल झेलनी पड़ती थी, अब उनसे मुक्ति मिलेगी। इस पक्के आवास के मिलने से उनका जीवन सरल और सुरक्षित रहेगा और उन्हें अपने बच्चों के भविष्य के बारे में चिंता नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना हम जैसे गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस आयोजन के संबंध में 7 जनवरी को बैठक

**दंतेवाड़ा, 3 जनवरी** । 26 जनवरी 2025 (गणतंत्र दिवस) की गरिमामय ढंग से मनाये जाने के लिए रूपरेखा तैयार करने हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में 07 जनवरी 2025 मंगलवार को समय-सीमा बैठक के उपरांत समय अपरान्ह 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन तृतीय तल के डंकनी सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संबंधित विभागों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# गंगोत्री से गंगाजल लेकर रामेश्वरम के लिए पद यात्रा पर निकले फलाहारी बाबा पहुंचे दंतेवाड़ा

- हिन्दु संगठनों ने दंतेवाड़ा पहुंचने पर हिम योगी का किया स्वागत,
- भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने तथा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है उद्देश्य
- फलाहारी बाबा 10 हजार किमी की पैदल यात्रा कर पहुंचे हैं दंतेवाड़ा





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 जनवरी।** आज के युग में जहां एक ओर इंसान मोह माया-धन दौलत के पीछे भाग रहा है। अपार धन संपत्ति इकटठा कर हर प्रकार का आराम व सुख भोग विलास में लिप्त है तो वहीं दुसरी ओर ऐसे कट्टर सनातनी संत, तपस्वी, योगी व साधु महात्मा है जो दुनिया के प्रपंच से परे हटकर केवल प्रभू के सम्मुख ध्यानमग्न है। ये संत महात्मा राष्ट्रहित, सनातन धर्म व भगवा झण्डे को शिखर पर पहुंचाने के लिए हर प्रकार से जतन व घोर तप कर रहा है। ऐसे ही एक हिम योगी की चर्चा यहां हम करने जा रहे हैं जो हिमालय से निकलने वाली गंगोत्री से गंगाजल लेकर अपने पूज्य गुरूदेव के आदेश पर सनातम धर्म का पताका देश दुनिया में बुलंद करने हजारों किमी की पैदल पदयात्रा पर निकल पड़ा है। उसे न खाने की चिंता है न पहनने की वह तो बस अपने नारायण का नाम लेकर दिन हो या रात बस भगवा झण्डा थामे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता जा रहा है। हम बात कर रहे हैं लहरी दास फलाहारी बाबा की जिन्हें लोग हिमयोगी भी कहते हैं क्योंकि ये बाबा बाकी समय में बद्रीनाथ के पास ही स्थित पहाडियों व गुफाओं में रहकर अपना ध्यान भोलेनाथ के नाम अपनी धुनी रमाते हैं। फलाहारी बाबा की यात्रा का पड़ाव अभी दंतेवाड़ा में हुआ है वे ट्रायवल कालोनी स्थित शिवालय में विश्राम कर रहे हैं। फलाहारी बाबा के दर्शन कर उनसे इस कठिन पदयात्रा के विषय में पुछने पर उन्होने कहा कि हमारे परम पूज्य गुरूदेव श्री सनातन दास जी महाराज के आदेश पर वे 27 अक्टूबर 2023 को गंगोत्री से गांगजल लेकर पदयात्रा पर निकले हैं उनकी यात्रा तमिलनाडू के रामेश्वरम धाम में पहुंचकर वहां अपने आराध्य देव भोलेनाथ को जल चढ़ाकर संपन्न होगी। बता दें कि फलाहारी बाबा राजस्थान के भीलवाड़ा के रहने वाले हैं वर्ष 2007 में वे गृहस्थ जीवन त्याग कर सन्यास जीवन में प्रवेश किए थे तब से वे बद्रीनाथ के कंदराओं में ही अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होने श्री सनातन दास जी महाराज को अपना गुरू बनाया है। बताते चले कि कुछ वर्षो पहले इन्हीं हिम योगी बाबा फलाहारी की बर्फ की घाटी में योग मुद्रा में आर्मी के जवानों द्वारा विडियो बनाया गया था जो काफी वायरल भी हुआ था। ऐसे संत का आगमन आज हमारी मां दंतेश्वरी की पावन धरा पर हुआ है यह हम सभी सनातनियों के लिए सौभाग्य की बात है। बाबा से इस यात्रा का उद्देय पुछा गया तो उन्होने कहा कि इतने लंबी पदयात्रा करना कोई साधारण कार्य नहीं है। हम एक तपस्वी योगी भी हैं इसलिए इतना चल पा रहे हैं। बता दें कि बाबा प्रतिदिन करीब 25 से 30 किमी तक पैदल चलते हैं वे अपने साथ एक साईकिल भी रखे हुए हैं मगर वे इस साईकिल को चढ़कर नहीं चलाते बल्कि साईकिल इसलिए रखे हैं ताकि अपनी जरूरतों का सारा सामान वे इसमें लादकर चल सकें। क्विंटल भर से भी ज्यादा भारी सामान लादकर घाटियों, पहाड़ियों, जंगलों के उंचे नीचे, घुमावदार कठिन रास्तों से होकर पैदल चलते रहना कोई आसान काम नहीं बल्कि बहुत ही जटिल कार्य है। अभी ठंड का मौसम है और पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है बावजूद फलाहारी बाबा नंगे बदन केवल लंगोट पहनकर यात्रा कर रहे हैं। वे अन्न भी ग्रहण नहीं करते केवल फल व दूध पर ही रहते हैं। सोने के लिए वे बिस्तर का भी इस्तेमाल नहीं करते बोरे बिछाकर सोते हैं। बाबा से जब इस पदयात्रा का उद्देश्य पुछा गया तो उन्होन कहा कि भारत को हिन्दु राष्ट्र घोषित करवाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तथा देश के सभी सनातनियों को एक करने व समरसता का भाव जगाने के उद्देश्य से वे इस यात्रा पर निकले हैं। दंतेवाड़ा से रामेश्वरम की दुरी अभी करीब 1500 किमी है। यहां कुछ दिन आराम करने के बाद फलाहारी बाबा अपने गंतव्य की ओर निकलेंगे। जिस भी सनातनी भक्त को उनके दर्शन करने हो उनसे मिलना हो वे ट्रायवल कालोनी स्थित शिवालय में जाकर उनके दर्शन कर सकता है।

## गीदम फिर हुआ गौरवान्वित, साक्षी सुराना बनी संभाग की पहली पायलेट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम, 3 जनवरी।** जिले की व्यावसायिक नगरी कहलाने वाला गीदम कई मामलों में संभाग में अव्वल है। लेकिन इस नगर की एक अलग पहचान यह भी बन रही है कि अब यह बिटिया नगरी भी बन रही हैं। यहां की बेटियां कमाल कर रही हैं। नगर की साक्षी सुराना अब पायलेट बन गई है और उड़ान भरने को तैयार है। इसके पहले गीदम ने छत्तीसगढ़ को आईएएस और आईएफएस, सीए बेटियां दी है। इस बार नगर की बेटी साक्षी की कहानी कुछ इस तरह है। कॉमर्स ग्रेजुएट होने के साथ बिटिया ने बीबीए कोर्स किया। कोर्स करने के बाद तुरंत ही कोविड ने पूरे देश-दुनिया को चारदीवारों में कैद कर दिया। बस इसी कैद ने रास्ता दिखाया। साक्षी बताती है कि कमरे में बंद के दौरान परिवार के सदस्यों से चर्चा में उन्होंने पायलेट बनने की इच्छा घरवालों को बताया फिर क्या था सहमति के साथ माता -पिता और दादा-दादी को प्रेरणा बनाते मोबाइल से ही अपने उड़ान को साकार करने रास्ता खोजा और यह रास्ता लॉकडाउन खत्म होने के साथ हैदराबाद के विंग्स एविएशन बेगमपेट प्रशिक्षण सेंटर तक पहुंचा दिया। इसके बाद दो साल का कड़ा प्रशिक्षण पूरा करते 200 घंटे के लक्ष्य उड़ान के प्रमाणपत्र के साथ बिटिया अब गीदम पहुंच चुकी है। बिटिया अपने अनुभव और प्रशिक्षण के विषय में बताती है कि कुछ अलग करने का जुनून ही सफलता की गारंटी होती है। साक्षी के पिता जवाहर सुराना बिटिया के सफलता से अभिभूत है और माता खुशी के साथ कहती हैं कि कोविडकाल का यह संकल्प बिटिया ने पूरा किया। आज बिटिया की सफलता ने एक और उदाहरण बना दिया है और इस मिथक को भी तोड़ा है कि सिर्फ महानगरो में ही प्रतिभा होती है। अगर जुनून और जज्बा हो तो सफलता कदम चूमती है चाहे छोटा सा नगर गीदम ही क्यों न हो।

## कांकेर व गोविंदपुर वार्षिक मेला के सफल आयोजन को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**कांकेर, 3 जनवरी** । क्षेत्र के विख्यात कांकेर एवं गोविंदपुर वार्षिक मेला के आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मेला के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, विद्युत, पानी, पार्किंग, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सहित मेला स्थलों में नागरिकों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष तथा स्वास्थ्य परीक्षण जांच कक्ष स्थापित करने पर चर्चा हुई।पुलिस विभाग को मेला स्थल में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने तथा यातायात व्यवस्था के लिए रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कांकेर एवं गोविंदपुर मेला स्थल में संपूर्ण अवधि के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु एसडीएम कांकेर द्वारा मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई जाएगी। इसी तरह मेला के दौरान विद्युत व्यवस्था के निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोनों मेला स्थल में कैम्प लगाकर पर्याप्त चिकित्सकों के दल आवश्यक दवाईयों के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में फायर बिग्रेड एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, खाद्य सामग्रियों की जांच, देव स्थलों के आसपास सफाई करने तथा पूजा व्यवस्था, मेला भाठा की साफ-सफाई, दुकान आबंटन, शौचालय, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण पर कार्यवाही सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपनी बात रखते हुए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर, कांकेर पार्षदगण, सरपंच गोविन्दपुर श्रीमती सतरूपा कांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मेला आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना से तुलसा का पक्का मकान बनाने का सपना हुआ साकार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 3 जनवरी ।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पक्के आवास का सपना साकार किया है। इस योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्थायी घर मिल रहे हैं, जो उनकी जीवनशैली में सुधार और सम्मान लेकर आते हैं।

पक्का मकान बनाने का सपना हुआ साकार सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के छिंदगढ़ पंचायत निवासी श्री तुलसा राणा पिता श्री महादेव राणा जो पहले अपने खपरैल एवं मिट्टीसे बने घर में रहते थे, अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक पक्का मकान बन जाने से चैन से अपने घर में आरामदायक जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही श्री तुलसा राणा ने कभी सोचा नहीं था कि उनका परिवार कभी अपने सपनों का घर बना पाएगा, लेकिन इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जी रहे हैं। हितग्राही श्री तुलसा राणा ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ÷प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मुझे जो पक्का आवास मिला है, वह मेरे परिवार के लिए एक सपना सच होने जैसा है। पहले हम कच्ची दीवारों और खपरैल से बने पुराने घर में जैसे-तैसे जीवन व्यतीत कर रहे थे। कच्ची छत होने के कारण हमेशा बारिश के समय पानी टपकता था। इसके साथ ही बच्चों के बड़े होने के साथ ही हमे नए आवास की आवश्यकता महसूस होने लगी थी।

पीएम आवास योजना से मिला आर्थिक सहयोग-शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास की स्वीकृति होने से श्री तुलसा राणा के पक्का मकान का सपना साकार हुआ। उन्होंने योजनान्तर्गत अभिसरण के तहत मनरेगा से मजदूरी भुगतान, स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय निर्माण एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत एकल बत्ती कनेक्शन भी प्राप्त कर लिया। इस योजना के तहत श्री तुलसा को अब एक पक्का और सुरक्षित मकान मिल गया है, जिसमें उनके परिवार कोबेहतर जीवनशैली और सुरक्षा मिल रही है। उनका कहना है कि अब मेरे परिवार को ठंड, गर्मी या बारिश किसी भी मौसम की चिंता नहीं रहती।पक्का मकान के लिए सरकार को दिया धन्यवाद-पीएम आवास लाभार्थी श्री तुलसा राणा ने पक्के आवास दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने हम जैसे ग़रीब परिवारों को स्थायी और सुरक्षित घर प्रदान करके हमें एक सुखमय और सम्मान जनक जीवन जीने का अवसर दिया है।मुझे पीएम आवास दिलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और प्रशासन को बहुत बहुत धन्यवाद ।

## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत ईसी कार्यकारी सदस्यों की क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित



**सुकमा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत संकुल स्तरीय ईसी कार्यकारी सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा के शबरी ऑडिटोरियम, कुम्हाररास में आयोजित हुआ।

इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सदस्यों को उनके दायित्वों और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान वैचारिक कलाकार सुश्री तमन्ना समूह द्वारा जेंडर इक्कालिटी (लैंगिक समानता) पर विचार साझा किए गए। इस सत्र में प्रतिभागियों को महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करने के महत्व पर विस्तार से बताया गया।महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया और विभिन्न कानूनी और सामाजिक विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह, पोस्को एक्ट (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट), और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों और उनकी रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को इन विषयों पर जागरूक करते हुए बताया गया कि इन कानूनों का सही क्रियान्वयन समाज को सशक्त और सुरक्षित बनाने में कितना महत्वपूर्ण है।कार्यशाला में विभिन्न संकुल स्तरीय ईसी सदस्य, महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि, और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय और सुझाव साझा किए, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रयास तेज किए जा सकें।कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, महिला बाल विकास से श्री जितेंद्र बघेल, श्रीमती प्रमिला सिंग, एनआरएलएम से श्री सत्यप्रकाश तिवारी, नीति आयोग के फेलो एवं ट्रीफ के सदस्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग में भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**सुकमा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) मद के अंतर्गत मानदेय पर स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशियन एवं फार्मासिस्ट ग्रेड-02 के रिक्त पदों की भर्ती हेतु कलेक्टर के अनुमोदन के उपरान्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जिला-सुकमा के विज्ञापित पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनो की जांच पश्चात पात्र और अपात्र की सूची तैयार किया गया है। यह सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा के कार्यालयीन नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है। इसके साथ ही पात्र-अपात्र की सूची जिला सुकमा के वेबसाईट www.sukma.gov.in पर भी देखा जा सकता है। सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर निर्धारित प्रपत्र में अपना दावा आपत्ति दिनांक 07 जनवरी सायं 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-सुकमा (छ.ग.) में स्वंय उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों में भर्ती के लिए आरक्षण रोस्टर जारी

**सुकमा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खनिज न्यास निधि (डी.एम.एफ) मद अंतर्गत मानदेय पर स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशियन एवं फार्मासिस्ट ग्रेड-02 के रिक्त पदों की भर्ती हेतु कलेक्टर के अनुमोदन् उपरान्त कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-सुकमा के विज्ञापन में चयन समिति के निर्णय के अनुसार उक्त विज्ञापित पदों पर आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुये भर्ती किया जाएगा। जिसके

परिपालन में रोस्टर अनुसार पदों का विवरण दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टॉफ नर्स के कुल 10 विज्ञापित पदों में से 8 पद अनुसूचित जनजाति, 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग और 1 पद अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार लैब टेक्निशियन के कुल 2 रिक्त पदों में से 1 पद अनुसूचित जनजाति और 1 पद अनारक्षित औज

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए आवेदन 8 जनवरी तक

**सुकमा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डेबरू धुर महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तोंगपाल विकासखण्ड छिन्दगढ़ एक उत्पादक कंपनी है। इस विशेष परियोजना हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए क्रमशः 01-01 पद की भर्ती की जाएगी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेतु शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विषय में स्नातक अथवा एम.एस.डब्ल्यू स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए, कम्प्यूटर डिप्लोमा निर्धारित है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वी उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए डिप्लोमा अथवा आई.टी.आई, कोपा निर्धारित की गई है। उक्त पदों के लिए लिखित व मौखिक परीक्षा 10 जनवरी 2025 को समय ज

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लायें तेजी : कलेक्टर

**सुकमा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने राजस्व विभाग में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व अभिलेखों में सुधार, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, वनाधिकार प्रमाण पत्र के कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। हितग्राही मूलक कार्यों जैसे धान खरीदी, पीडीएस, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन, आधार सीडिंग के कार्यों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ पूरा करें। निर्वाचन संबंधी कार्यों में को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। नियद नेल्लानार एरिज

## एकलव्य विद्यालय की भर्ती में हुआ पदनाम परिवर्तित

**सुकमा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहायक आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, कोन्टा एवं छिन्दगढ़ के लिए जारी अतिथि शिक्षकों की भर्ती को संशोधित कर संविदा शिक्षकों की भर्ती किया गया है। विज्ञापन की शेष शर्तें, नियम, योग्यताएं, आवेदन पत्र का प्रारूप और कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.01.2025 पूर्ववत रहेंगी।

जिन-जिन स्थानों पर अतिथि शिक्षक अंकित हो गया है उसे संविदा शिक्षक पढ़ा जाये। जिन आवेदकों द्वारा इस कार्यालय में अतिथि शिक्षक हेतु आवेदन किया गया है उसे तत्काल प्रभाव से संविदा शिक्षक हेतु आवेदन मान्य किया जावेगा। किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

# जिले के ग्रामीण भयमुक्त होकर शासन की योजनाओं से जुड़ रहे:कलेक्टर

**कांकेर 3 जनवरी।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज अंतागढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बुलावण्ड में किया गया, जहां ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 21 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें 03 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर मिले शेष आवेदनों को निराकृत कर आवेदनकर्ता को सूचित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि अंतागढ़ विकासखंड का सुदूर अंचल ग्राम बुलावण्ड अब भयमुक्त हो चुका है और ग्रामीण धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ रहे हैं, स्थितियां सामान्य हो रही हैं। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार योजना से ऐसे इलाकों का कायाकल्प हो रहा है तथा ग्रामीण शासन की योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ रहे हैं। कलेक्टर ने आगे बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विशेष तौर पर प्रकरण स्वीकृत किए जा रहे हैं जिससे कि शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही उन्होंने अंतागढ़ से चारगांव का मार्ग को जल्द प्रारंभ करने का आश्वासन दिया, मेडकी नदी पर दो पुल और कोसरोण्डा के वृहद पुल का टेंडर पूर्ण हो चुका है वहां भी निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा। ताड़ोकी रेल्वे स्टेशन का रोड़ निर्माण कार्य भी प्रारंभ करने की बात कलेक्टर ने कही। उन्होंने छुटे हुए हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत करने, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने आगे कहा कि 70 से 75 वर्ष के ऊपर वृद्धजनों का अलग से आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत कार्ड बनाने का कार्य भी प्रारंभ होगा, इसके लिए भी पंजीयन जल्द ही चालू हो जाएगा, जिसमें पंजीयन कराकर योजना का लाभ लेने के लिए कहा। धान खरीदी के संबंध में उन्होंने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण कुछ किसानों का रकबा शून्य दिखा रहा है, जिसे जल्द सुधार करने तथा डूबान क्षेत्र के किसानों का धान पंजीयन नहीं हुआ था, जिसे पूर्ण करते हुए धान खरीदने कहा तथा कोई भी किसान धान बेचने से वंचित न रहे, इसका ध्यान रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि जिले में 25 हजार आवास निर्माण होना है, इसके लिए भी ग्राम पंचायतों में इन्द्राज करने की कार्यवाही चल रही है, ग्राम सचिवों के माध्यम से अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लगभग 500 नक्सल पीड़ित परिवार भी है, उनके लिए भी अलग से उन्हें आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। अंतागढ़ क्षेत्र के अंर्तगत सुदूर अंचल ग्रामों के स्कूल भवनों, आंगनबाड़ी, छात्रावास भवन की समस्याओं को भी निराकरण किया जाएगा।आयोजित शिविर में सर्वाधिक 05 आवेदन शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और राजस्व विभाग को 03-03 आवेदन प्राप्त हुआ। इसी प्रकार समाज कल्याण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को 02-02, वन विभाग, दूरसंचार एवं लोक निर्माण विभाग को 01-01 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि प्राप्त की।

# मुख्यमंत्री के गरियाबंद आने की संभावना को देखते हुए जिलाधीश ने विभिन्न विभाग प्रमुखों को दी जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,3 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने गरियाबंद जिले में 05 जनवरी संभावित है। मुख्यमंत्री जिला प्रवास के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास करेंगे.कार्यक्रम की सभी तैयारियों के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत सीईओ रीता यादव को नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपूत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.

कलेक्टर ने कार्यक्रम के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की जानकारी देने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम की सभी तैयारियां गरिमापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम के लिए दिए गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश



राजपूत, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व आदेशानुसार पार्किंग, वाहन व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट, कानून व्यवस्था, ब्लड ग्रुप व्यवस्था, कारकेट का दायित्व पुलिस विभाग को सौंपा गया है। वन विभाग को हेलीपेड, सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए बांस-बल्ली उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल गरिमानुरूप टैंट की सम्पूर्ण व्यवस्था, मंच के समीप पृथक से हितग्राहियों स्टॉल से मुख्य मंच तक आने के लिए सीढ़ी, रैम्प का आवश्यकतानुसार निर्माण तथा समस्त कार्यक्रम स्थल पर आवश्यकतानुसार समतलीकरण की जिम्मेदारी दी गई है।मंच की गरिमानुरूप सजावट, साज-सज्जा, फूल, माला, बुके इत्यादि का व्यवस्था एवं मंच तथा 'डी' क्षेत्र में गमले की समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी उद्यानिकी विभाग को दी गई है। लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को लोकार्पण एवं भूमिपूजन की तैयारियों का दायित्व दिया गया है। शिक्षा विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, बैच एवं अन्य कार्य कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन की संपूर्ण व्यवस्था उद्घोषकों की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। विद्युत यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर साउंड सिस्टम मंच एवं आसपास लाइट का सिस्टम की व्यवस्था एलईडी स्क्रीन लगवाना आपातकालीन जनरेटर सहित मंच व दर्शक दीर्घा में प्रकाश की व्यवस्था, कार्यक्रम पर एक दिवसीय पूर्व साउंड सिस्टम एवं एलईडी स्क्रीन की जांच पड़ताल कर पूर्णता रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी दी गई है।कार्यक्रम स्थल पर जीवन रक्षक दवाइयां के साथ चिकित्सा दल में एंबुलेंस नियुक्त करने एवं उपचार की व्यवस्था सहित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। पीएचई विभाग को कार्यक्रम स्थल एवं पब्लिक एरिया पर स्वच्छ पेयजल तथा अन्य जगहो पर पेयजल व्यवस्था करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। ग्राम मजरकट्टा से पुलिस लाइन एवं कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था एवं अलग-अलग स्थान पर डस्टबिन उपलब्ध कराने नगर पालिका को दायित्व सौंपा गया है।कलेक्टर अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल की तैयारी, हेलीपेड व्यवस्था, टेंट, साफ-सफाई, मंच की तैयारी, सामग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने इन सबकी तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को संबोधित भी करेंगे। इसके लिए आमजनों के लिए बैठक व्यवस्था भी व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### कलेक्टर ने केलो नहर निर्माण का जायजा लिया



**रायगढ़, 3 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल केलो नहर निर्माण कार्यों का जायजा लेने पुसौर ब्लॉक पहुंचे। यहां उन्होंने तरडा में हेड रेगुलेटर और सुकुलभठली में बन रहे क्रॉस ड्रेनेज का काम देखा। निर्माण कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने जल संसाधन विभाग के एसडीओ व सब इंजीनियर पर गहरी नाराजगी जतायी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि केलो नहरों का काम सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। इसके लिए प्रति सप्ताह किए जाने वाले कार्यों का शेड्यूल बनाया गया है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि हर हफ्ते लक्ष्य के अनुसार काम पूरा होता जाए।कलेक्टर श्री गोयल ने सुकुलभठली में क्रॉस ड्रेनेज के लिए बनाए जा रहे संरचना के बेस निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां क्रॉस ड्रेनेज से जोड़कर नहर लाईन तैयार की जा रही है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि दोनों कार्य एक साथ चलने चाहिए। उन्होंने पुसौर तहसीलदार व नायब तहसीलदार को काम की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम को तेजी से पूरा करवायें। किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर एसडीएम के सहयोग से निराकरण करवायें। इसी प्रकार उन्होंने तरडा में हेड रेगुलेटर के काम का भी जायजा लिया। यहां कोड़पाली मायनर से सब मायनर में पानी पहुंचाने के लिए रेगुलेटर तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि हर साईट पर तेजी से काम होना चाहिए, इसके लिए पर्याप्त संख्या में मशीनें व मैन पॉवर लगाने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को दिए। इस दौरान एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, ईई केलो श्री मनीष गुप्ता, तहसीलदार पुसौर श्रीमती नेहा उपाध्याय, नायब तहसीलदार श्री पंकज मिश्रा सहित जल संसाधन केलो संभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 4 जनवरी को

**रायगढ़, 3 जनवरी।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला-रायगढ़ द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन 4 जनवरी 2025 को सुबह 9ः30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम एवं नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी भाग लें सकेंगे। युवा उत्सव वर्ग 2024-25 में सम्मिलित प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष निर्धारित है जिसमें विद्यार्थी एवं गैर विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित हो सकेंगे, रॉकबैंड के दल में प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 10 होगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिन विधाओं को शामिल किया गया है इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य एवं व्यक्तिगत लोक गीत को शामिल किया गया है। इसी तरह लाईफ स्किल के तहत कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला / तात्कालिक भाषण एवं कविता, थेमेटिक के तहत विज्ञान मेला, युवा कृति के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाईल एवं कृषि उत्पाद तथा अन्य विधा में रॉकबैंड (केवल जिला एवं राज्य स्तर पर) शामिल किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल में पंजीकरण करना अनिवार्य है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 आयोजन से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ से संपर्क कर सकते हैं।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक 6 जनवरी को

**रायगढ़, 3 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 6 जनवरी को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। जिसके संबंध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बज से कक्ष क्रमांक 23 (जिला निर्वाचन कार्यालय)में आयोजित की जाएगी।

### सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक

**रायगढ़, 3 जनवरी।** सत्र 2025-26 में सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाईट https://e&ams.nta.ac.in/AISSEE// पर 13 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक भरे जाएंगे। परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाईट पर बाद में घोषणा की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु बालक एवं बालिका की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में छात्राओं को प्रवेश सीट उपलब्धता के अनुसार दिया जाएगा। सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, रक्षा/भूतपूर्व सर्विसमेन से संबंधित आवेदकों को 800 रुपये एवं अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के आवेदकों को 650 रुपये आवेदन शुल्क ऑनलाइन देय होगा।

# भाजपा जिला संगठन चुनाव में जिला अध्यक्ष थोपने की तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 3 जनवरी।** जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष पद को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है।वहीं संगठन ने बीजापुर जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेश कार्यालय में रायशुमारी के नाम पर गुप्त रूप से दावेदारी भी करवा दिया गया है।बताया जा रहा है,कि

भारतीय जनता पार्टी संगठन के जिलाध्यक्ष का चुनाव बीजापुर पर्यवेक्षक के द्वारा षडयंत्रपूर्वक एक पक्षीय कार्यवाही करते हुऐ कुछ एक पैनल के दावेदारो को रातों रात 500 कि मी दूर स्तिथि प्रदेश कार्यालय रायपुर में गुप्त रूप से बुलवाकर रायशुमारी के नाम से दावेदारी करवा लिया है।जिसमें पांच से




छः दावेदार - दावेदारी से वंचित रह गये है।जबकि पार्टी संगठन के नियमानुसार पर्यवेक्षक को जिला कार्यालय बीजापुर पहुंचकर आम राय से पैनल बनाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करना चाहिए था ।लेकिन ऐसा न करते हुए कुछ लोगों के इशारे पर जिलाध्यक्ष को थोपने कि तैयारी चल रहा है जिससे कर्मठ योग्य व पुराने कार्यकर्ता पदो से वंचित रह जायेगें जिसके चलते जिले के सैकड़ों कार्यकर्ताओ में नाराजगी देखी जा रही है।वही योग्य एवं पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता पर्यवेक्षक की दूषित के प्रक्रिया के कारण षडयंत्र के तहत संगठन चुनाव के स्वरूप को प्रभावित कर विशेष पेनल को लाभ दिलवाने में लगे है।

भाजपा बीजापुर जिला संगठन चुनाव जो कि शका के गलियारों में भटक रही है इस दूषित चुनाव प्रकिया को रद् करते हैं हुऐ बीजापुर के जिला कार्यालय में चुनाव सम्पन्न कराने से सही और कर्मठ कार्यकर्ताओं को मौका मिल सकता है।गौरतलब है,कि पिछले दिनों केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीजापुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित गुडंम का दौरा कर चुके हैं।वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गृहमंत्री विजय शर्मा,अरूण साव के अलावा केंद्रीय मंत्री भी यहां नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर चुके हैं। लेकिन चुनाव पर्यवेक्षक को बीजापुर आकर संगठन का चुनाव सम्पन्न कराने में अड़चनें क्यों हो रही है ,समझ से परे है ।जिससे राज्य स्तर के शीर्ष संगठन नेता एवं स्थानीय कार्यकर्ताओ मे नाराजगी देखी जा रही है।

# कलेक्टर एवं जिला प्रशासन की विशेष पहल पर नवजात शिशुओं के आवश्यक दस्तावेज सुगमतापूर्वक तैयार



**बीजापुर 3 जनवरी ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के विशेष पहल पर नवजात शिशुओं को 4 प्रकार की विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही है जिससे जिले के सभी पालकों में खुशी का लहर है। प्रशासन द्वारा नवजात शिशुओं के जन्म के तुरंत बाद जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि, आधार कार्ड एवं स्थाई जाति प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे पालकों ने अपनी-अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त कर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त कर रहे हैं।तुमनार निवासी पाण्डु तेलम ने बताया कि उनकी पुत्री एलिजा तेलम का जन्म 08 अक्टूबर 2024 को हुआ जिसका जन्म प्रमाण पत्र जारी होने के तुरंत बाद 16 दिसम्बर को जाति प्रमाण पत्र का आवेदन अपलोड हुआ और 14 दिसम्बर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर द्वारा स्थाई जाति प्रमाण पत्र अनुमोदन उपरांत जारी हो गया।पाण्डु तेलम ने बताया कि जिला प्रशासन के इस विशेष पहल से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के पालकों एवं जो पालक ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं अथवा शासकीय कार्यालयों के गतिविधि से परिचित नहीं हैं उनके लिए बहुत ही लाभदायक है। क्योकि बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने में कार्यालयों का चक्कर काटना अपने काम, धंधा, रोजी-रोटी को छोड़कर प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ता है इन सब समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। वहीं बच्चों की पढ़ाई छात्रवृत्ति सहित अन्य शासकीय योजनाओं से जुड़ने में भी सुगमता होगी। प्रशासन की पहुंच हमारे ग्रामीण परिवेश और हमारे परिवार तक होने से हमें सुगमतापूर्वक इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह जिला प्रशासन का बहुत ही सार्थक पहल है। कलेक्टर महोदय को इसके लिए पाण्डु तेलम ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

# स्कूल का रिजल्ट सुधारने कमजोर प्रदर्शन वाले बच्चों पर ज्यादा ध्यान दें:कलेक्टर

**रायगढ़, 3 जनवरी।** स्कूलों का परीक्षा परिणाम सुधारने कमजोर प्रदर्शन वाले बच्चों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। खासकर दसवीं एवं बारहवीं के बच्चे जो इस साल बोर्ड की परीक्षा में बैठेंगे। सभी प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अर्धवार्षिक परीक्षा में जिन बच्चों के परिणाम अच्छे नहीं रहे है उन बच्चों पर अधिक मेहनत की जाए। ये बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कही।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज शिक्षा विभाग की बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का लक्ष्य स्कूलों का उत्कृष्ट परिणाम होना चाहिए। उन्होंने परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों पर गहरी नाराजगी जतायी और ऐसे प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही हिदायत देते हुए कहा कि आगे प्री-बोर्ड परीक्षाएं होनी है इसके लिए अभी से अपनी तैयारी शुरू करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर सभी बीईओ और संकुल समन्वयक सुनिश्चित करें कि स्कूलों में अध्यापन का कार्य अच्छे से हो। रायगढ़ जिला का परीक्षा परिणाम बीते सालों से बेहतर करना आप सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि



लापरवाही करने वालों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि स्कूली जीवन किसी भी छात्र की जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण साल होते है। माता-पिता बच्चों को स्कूलों में सर्वांगीण विकास के लिए भेजते है। शिक्षक के रूप में छात्रों को अपने जिले के साथ पूरे देश के लिए एक सक्षम बुद्धिमता के मानव संसाधन के रूप में तैयार करना शिक्षकों का कर्तव्य है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में सुनिश्चित किया जाए कि स्कूलों में सभी शिक्षक समन्वय से काम करें। किसी भी स्कूल का परीक्षा परिणाम वहां के शिक्षकों का सामुहिक उत्तरदायित्व होता है। ग्रामीण इलाकों में बच्चों के अनुपस्थिति के बाते भी आती रहती है। ऐसे पालकों से संपर्क कर शिक्षक बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। आवश्यकता पडऩे पर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों का भी सहयोग लें।

कलेक्टर श्री गोयल ने भाषा के साथ-साथ गणित व विज्ञान विषय पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। बच्चों को बोर्ड परीक्षा के अभ्यास के लिए सिलेबस कम्पलीट कराते हुए पिछले सालों के प्रश्न पत्र जरूर हल करवायें, आवश्कता पडऩे पर एक्सट्रा क्लासेस लें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव, डीएमसी श्री नरेन्द्र कुमार चौधरी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी स्कूलों में छात्रों को रोज अखबार पढ़वायें। अखबार के संपादकीय पृष्ट को विशेष रूप से प्रार्थना असेम्बली में छात्रों को पढऩे के लिए कहे। इससे देश-दुनिया में चल रहे सम-सामयिक विषयों पर उनकी पकड़ मजबूत होगी और स्टेज से बोलने का भय दूर होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में लाईब्रेरी का पीरियड अनिवार्य रूप से रखने जहां संभव हो वहां बुक क्लब बनाकर पुस्तक पाठन के लिए छात्रों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए छात्रों के भीतर दो स्किल अनिवार्य रूप से होने चाहिए। पहला काम्प्रिहेंशन अर्थात किसी विषय वस्तु को पढ़कर कितनी जल्दी समझा जा सकता है, दूसरा अच्छा लेखन कौशल। छात्रों के भीतर यह स्किल स्कूल जीवन से ही विकसित किए जाने चाहिए। जिससे वे जल्द अपने लक्ष्यों को तय कर उसे पाने आगे बढ़ सके।

### बच्चों का करियर गाइडेंस कर उन्हें सही दिशा में बढ़ायें आगे

कलेक्टर श्री गोयल ने प्राचार्यों से कहा कि स्कूलों में कक्षा दसवीं के बाद बच्चों की रूचि व योग्यता के अनुसार उन्हें करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन देते हुए सही दिशा में आगे बढ़ाए। डॉक्टरी व इंजीनियरिंग के अलावा आज करियर के बहुत से विकल्प हमारे सामने है। जिन्हें चुनकर छात्र अपना उज्जवल भविष्य बना सकते है।

इन फिल्ड से जुड़े प्रतियोगी परीक्षाओं व इंट्रेस एग्जाम, उसकी तैयारी के बारे में छात्रों को गाईड करें। आज ऑनलाईन वीडियो लेक्चर के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई काफी आसान हो गई है, इसका सहयोग भी छात्रों की तैयारी में लिया जा सकता है।

# जल-जीवन मिशन योजना से तालनार के ग्रामीण लाभान्वित

**बीजापुर 3 जनवरी ।** केन्द्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिकों को उनको घरों में शुद्ध पेयजल एवं निस्तारी के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करा कर उसके स्वास्थ्य सुरक्षा एवं समय और श्रम की बचत के लिए शुरू की गई। हर-घर जल योजना बीजापुर जिले के ग्राम तालनार के निवासियों के लिए हर-घर जल नल कनेक्शन प्रदाय किया गया है। जिला मुख्यालय से लगभग 60-65 किलोमीटर दूरी पर तालनार ग्राम स्थित है यह ग्राम विकासखण्ड भैरमगढ़ के समीप लगा हुआ है। तालनार में पहले 31 हैण्डपंपों से निरंतर पेयजल की सुविधा ग्रामीणों को प्राप्त हो रही है। वर्तमान में सोलर आधारित सिंगल विलेज अंतर्गत 3 सोलरों के माध्यम से 26.34 लाख रूपए की लागत से ग्राम के 155 परिवारों को हर घर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम तालनार को ग्रामसभा के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच श्री दिनेश कुमार तेलाम, सचिव श्री दुलाराम कश्यप एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

# विधायक रोहित साहू के प्रयास से कोपरा-पोखरा मार्ग चौड़ीकरण के लिए 70 करोड़ मंजूर, ग्रामीणों ने माना आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 3 जनवरी।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की अनुशंसा एवं निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कोपरा से पोखरा मुख्य मार्ग की बहुप्रतिक्षित चौड़ीकरण की मांग भी अब विधायक रोहित साहू के प्रयासों से पूरी होने जा रही है। 26ण्20 किमी लम्बी इस मार्ग के लिए छग शासन लोक निर्माण विभाग से 70 करोड़ 14 लाख 41 हजार रूपये की स्वीकृति मिली है। क्षेत्रवासियों की वर्षो पुरानी मांग अब विधायक रोहित साहू के विकासपरक सोच से फ्लीभूत होने जा रही है इस मार्ग के बनने से कोपराए मुड़तराईएजेंजराएदेवरीए कौंदकेरा रामनगर,बहेरापाल, बोरसी,बासीन व पोखरा के ग्रामीणों को आवागमन में सीधा लाभ होगा तथा यह मार्ग गरियाबंद जिले को महासमुंद जिले से सीधे जोड़ेगी जिसका लाभ उपरोक्त गाँवों के अलावा गरियाबंद व महासमुंद जिले के अनेक गाँवों के लोगों को मिलेगा। इसके साथ ही 03 किमी लम्बी कोमा से पिपरछेड़ी विधायक ग्राम पहुंच मार्ग निर्माण के लिए भी 4 करोड़ 42 लाख 92 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति विधायक रोहित साहू के प्रयासों के मिली है। इन मार्गों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक रोहित साहू के प्रति व विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही 68 विभिन्न विकास कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिली है। राजिम विधानसभा क्षेत्र में जब से रोहित साहू विधायक बने हैं तब से लगातार वे विकास कार्यों के लिए प्रयासरत हैं और निरंतर विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रवासियों को लाभान्वित कर रहे हैं। इसी क्रम में छग शासन मंडी बोर्ड विकास निधि से 68 विकास कार्यों की स्वीकृति राजिम विधानसभा के विभिन्न गाँवों के लिए की गई है जिसकी कुल लागत राशि 6 करोड़ 65 लाख रूपये है। इन स्वीकृत कार्यों में क्रमशः विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम जेंजरा में बाजार चौक शेड निर्माण 13.83 लाख रूपयेएग्राम गनियारी बजरंग चौक रंगमंच निर्माण











कार्य 2.90 लाख रूपयेएग्राम बोड़की साहू पारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7.74 लाख रूपयेए ग्राम बासीन खपरीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण 7.74 लाख रूपयेए ग्राम पेंड्रा साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 7.74 लाख रूपयेए हथखोज में शक्तिलहरी के पास शेड निर्माण 8.08 लाख रूपयेएलचकेरा जयस्तम्भ चौक में शेड निर्माण 11.42 लाख रूपयेए बारूला ग्राम पंचायत भवन के पीछे शेड निर्माण 13.78 लाख रूपयेए ग्राम पंचायत देवरी में 200 मीटर सीसी रोड निर्माण 8.86 लाख रूपयेए गुंडरदेही में बाजार वार्ड में शेड निर्माण 9ण्42 लाख रूपयेएसिधौरी में रंगमंच के पास शेड निर्माण 7.06 लाख रूपयेए कौंदकेरा में पानी टंकी के पास शेड निर्माण 12ण्57 लाख रूपयेएग्राम पंचायत कौंदकेरा में रामनगर सतधरा के पास शेड निर्माण 6ण्41 लाख रूपयेएकुंडेल बाजार चौक शेड निर्माण 11.10 लाख रूपयेए बोरिद मानस भवन शेड निर्माण 7ण्54 लाख रूपयेएग्राम देवरी साहू समाज भवन के पास शेड निर्माण 5ण्15 लाख रूपयेएसहसपुर दुर्गा मंदिर के पास शेड निर्माण 11.10 लाख रूपयेए ग्राम चौबेबांधा पालपारा में सामुदायिक भवन निर्माण 7.74 लाख रूपयेएपेंड्रा शीतला मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण 7.74 लाख रूपयेए ग्राम भेंडरी ;जाण्द्ध शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण 7ण्74 लाख रूपयेएग्राम पसौद अटल चौक में शेड निर्माण 13.78 लाख रूपयेएसिर्रीकला में मेन रोड से मनहरण सेन घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 7.36 लाख रूपयेए ग्राम पाली बाजार चौक शेड निर्माण 13.78 लाख रूपयेए ग्राम चरौदा बाजार चौक शेड निर्माण 13ण्78 लाख रूपयेएग्राम बरोंडा कवर्ड शेड निर्माण 16ण्93 लाख रूपयेए ग्राम पिपरछेड़ी साहू भवन के पास शेड निर्माण 10.43 लाख रूपयेएग्राम पुरेना में कवर्ड शेड निर्माण 16.93 लाख रूपयेएपरसदा जोशी में समयदायिक भवन निर्माण कार्य 19.05 लाख रूपयेए ग्राम बकली में सियाराम साहू घर से संतुराम साहू घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 5.82 लाख रूपये की स्वीकृति शामिल हैं। विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम पोंड़ बाजार चौक रंगमंच निर्माण 2.81 लाख रूपयेएमुरमुरा शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण 7.76 लाख रूपयेएग्राम कोरासी में रंगमंच निर्माण 2.81 लाख रूपये मड़ेली महावीर चौक शेड निर्माण 14.43 लाख रूपयेएरवेली जरगांव शीतला मंदिर के पास रंगमंच निर्माण 2.81 लाख रूपयेए लोहझर खट्टी में शीतला मंदिर के पास शेड निर्माण 9ण्64 लाख रूपयेए नागझर घटकर्रा के डिपरापारा में सामुदायिक भवन 8ण्20 लाख रूपयेए ग्राम साजापाली में सामुदायिक भवन निर्माण 8.20 लाख रूपये ग्राम पोंड़ लक्ष्मी चौक में शेड निर्माण 14.43 लाख रूपयेए अकलवारा में निषाद भवन के पास शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेए कुटेना सिरकट्टी में शेड निर्माण 14.43 लाख रूपयेए सरकड़ा अटल चौक में शेड निर्माण 14.43 लाख रूपयेएछुरा शीतला मंदिर के पास वार्ड नंबर 7 में सामुदायिक भवन निर्माण 10.04 लाख रूपयेए ग्राम खै़रझिटी में झेरिया समाजपारा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 8.20 लाख रूपयेएग्राम फुलझर में मुख्य मार्ग से रेखराज साहू घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 9.58 लाख रूपयेए ग्राम कुरुद में शेड निर्माण 7.71 लाख रूपयेए गायडबरी में शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेए सारागांव में शेड निर्माण 9ण्64 लाख रूपयेएग्राम सिवनी में शेड निर्माण 9ण्64 लाख रूपयेएपक्तियाँ में दुर्गा चौक के पास शेड निर्माण 14ण्43 लाख रूपयेएभरुवामुड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 8.20 लाख रूपयेएपरसदा खुर्द में रंगमंच राधा मंदिर के पास रंगमंच निर्माण 2.82 लाख रूपयेए भैंसामुड़ा आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 8.20 लाख रूपयेए कांटाकुसरी सिवनी में बंजारा समाज सामुदायिक भवन 8.20 लाख रूपये पाण्डुका बाजार चौक शेड निर्माण 14.43 लाख रूपय पाटसिवनी पुराना बाजार चौक में शेड निर्माण 14.43 लाख रूपयेए गोंदलाबाहरा शाला प्रांगण में रंगमंच निर्माण 2.82 लाख रूपये पिपराही कचना ध्रुवा ने रंगमंच निर्माण 2.82 लाख रूपयेए ग्राम रावणाभाठा शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेएग्राम करकरा आदर्श चौक में रंगमंच निर्माण 2ण्82 लाख रूपये इसी प्रकार विकासखंड गरियाबंद अंतर्गत ग्राम हरदी शीतला चौक के पास शेड निर्माण 14.43 लाख रूपयेए ग्राम बहेराबुड़ा शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेएग्राम कोदोबतर में शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेए ग्राम दर्रीपार कोचबाय में शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेएग्राम घुटकूनवापारा निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण 8ण्20 लाख रूपये ग्राम सोहागपुर कस कमारपारा सामुदायिक भवन निर्माण 8.20 लाख रूपयेए ग्राम गंजईपूरी कस नदी चौक में शेड निर्माण 9.64 लाख रूपयेएग्राम फुलकर्रा में शेड निर्माण 11.45 लाख रूपये एवं विजयनगर बारुका में आदिवासी पारा सामुदायिक भवन निर्माण 7.76 लाख रूपये की स्वीकृति शामिल है। इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रदेश में विकास करने वाली भाजपा की सरकार है जहाँ विकास कार्यों के लिए अब धन की समस्या आड़े नहीं आएगी। दलगत भावना से उठकर सभी गांवों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं जहाँ हमें अपेक्षाकृत कम वोट मिले थे उन गाँवों में भी विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहेगी। किसी भी गांव में शासन द्वारा संचालित योजनाओं से कोई व्यक्ति अछूता न रहेगा यह सरकार का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए हम प्रयासरत भी हैं।

## जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस करेगी 35 वें सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

# बच्चों में यातायात जागरूकता के लिए होंगी स्कूलों में निबंध,स्लोगन, पेंटिंग स्पर्धाएं

- 4 से 31 जनवरी तक जिले में मनाया जावेगा सड़क सुरक्षा माह
- हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन कर शहर में किया जाएगा भ्रमण
- सार्वजनिक स्थान, हाट बाजार में यातायात रथ जागरूकता का अभियान चलाया जाएगा
- वाहन चालकों के लिए लगाया जाएगा नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 जनवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा जिले में 4 से 31 जनवरी सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान यातायात पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्थानों में पाम्प्लेट, लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में समझाईश दिया जावेगा। साथ ही स्कूलों में स्लोगन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों एवं सजगता आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त भारी वाहन, बस, ऑटो चालकों के लिए नेत्र जांच, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।




इस संपूर्ण अभियान में पूरे माह विविध आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम, शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में तैयार पाम्प्लेट का वितरण कर यातायात नियमों का पालन एवं सड़क परिवहन के दौरान हमेशा सजगता बरतने हेतु समझाइश दिया जाएगा। पूरे माह यातायात नियमों का पालन करने वाले, हेलमेट धारण करने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों को समझाइश दिया जाएगा। यातायात जागरूकता माह में हाईवे के किनारे बसे गांव के सरपंचों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का यातायात जागरूकता के संबंध में सभा आयोजित करना, जिला सीमा के अंतर्गत चलने वाले मध्यम एवं भारी वाहनों को गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक न चलने हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित करना। सांथ ही बिना नंबर वाहनों को मौके पर नंबर लेखन कार्य करना तथा रोड में चलने वाले सभी वाहनों में रेडियम पट्टी लगाने हेतु प्रोत्साहित करने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## समाचार संक्षेप

### भाटापारा में श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन 6 जनवरी से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 3 जनवरी।** भाटापारा में श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन 6 जनवरी से 14 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के कथावाचक संत बाल योगी विष्णु अरोड़ा जी जावरा जिला रतलाम मध्य प्रदेश वाले के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति भाटापारा के द्वारा कल्याण क्लब में की जा रही है। वष्णु अरोड़ा जी के द्वारा देवी भागवत कथा कि जा रहा है जिसके पुण्य एवं अमृतमई वाणी से आप भी लवांवित होए कार्यक्रम मे 6 जनवरी को प्रातः 12:00 बजे पंचायती मंदिर से कलशयात्रा शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी जो रामसत्ता होते हुए जय स्तंभ चौक जयस्तंभ से कल्याण क्लब जाएगी। कार्यक्रम के विशेष जानकारी इस प्रकार है, 6 जनवरी को प्रथम दिवस में देवी भागवत कथा प्रारंभ होगी जो 14 जानवरी को कथा सम्पूर्ण होगी वा 15 जानवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया गया है, जो 12:30 बजे से प्रारंभ होकर 3:00 बजे तक आप सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

## एक नजर

### धारदार हथियार के साथ इंस्टाग्राम में फोटो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**भाटापारा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** के.के.वार्ड भाटापारा में एक आरोपी अपने पास एक धारदार चाकू रखा हुआ है। साथ ही उसने धारदार चाकू के साथ सोशल मिडिया इंस्टाग्राम पर अपना फोटो भी अपलोड किया हुआ है। कि सूचना पर थाना शहर पुलिस द्वारा के.के.वार्ड भाटापारा में दबिश देकर आरोपी ओम ध्रुव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा धारदार चाकू अपने पास रखने एवं उसके साथ फोटो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अपलोड करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी का नाम ओम ध्रुव (19) निवासी कल्याण सागर वार्ड है।



### सेमरा (बी) में मड़ई 17 को, कारी बदरिया की होगी प्रस्तुति

**भखारा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वर्षो पुरानी परंपरा की निर्वहन करते हुए ग्राम सेमरा (भखारा)में पंचायत एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 17 जनवरी, दिन- शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है।जिसमें ग्रामवासियों की रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कारी बदरिया ग्राम-मोखा (गुरुर) का कार्यक्रम रखा गया है।उक्त जानकारी देते हुए ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश सिन्हा, सचिव मोती विश्वकर्मा एवं कोषाध्यक्ष पवन ध्रुव ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### निधन

#### अमित राव भोसले

**सिमगा, 3 जनवरी।** अमित राव भोसले उम्र लगभग 40 वर्ष कुछ समय से बीमारी से ग्रस्त थे इनका निधन बीते रात हुआ अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए नम आंखों से सभी की ओर से श्रद्धांजलि प्रकट करते हैं आप बहुत याद आएंगे।



## मढ़ी के गौरी गणेश कंपनी में ग्रामीणों ने बोला हल्ला

# कंपनी से मेनगेट बंद करने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 3 जनवरी।** तिल्दा नेवरा के ग्राम मढ़ी में बन रहे गौरी गणेश इस्पात संयंत्र में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कंपनी का काम शुरू हो चुका है। जिसके बाद एक बार फिर कंपनी विरोधी सुर गूंजने लगा है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने मेनगेट और रास्तें को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने मेनगेट को बंद करने के लिए हंगामा किया। जनप्रतिनिधियों की मौजूदी में निर्णय लिया गया कि गांव वाले चर्चा कर इस मामले पर विचार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि, मढ़ी में स्थापित हो रहे गौरी गणेश कंपनी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा ठंडा ही नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में मढ़ी के लोगों ने मेनगेट के सामने जमकर हल्ला बोला। स्थानीय लोगों का कहना है कि, कंपनी को मेनगेट को बदलना चाहिए। क्योंकि यह घनी आबादी के करीब है। जिस जगह पर मेनगेट बनाया गया है वह बस्ती से लगा हुआ है साथ ही जिस जगह से आवागमन कर रहे हैं वह भूमि शासकीय भूमि है। इसलिए कंपनी को हम गाड़ी निकालने और आवागमन के लिए रास्ता नहीं देंगे। जबकि कंपनी प्रबंधन द्वारा यहां पर गेट का निर्माण करवाया गया है, इसलिए वह यहीं से रास्ता मांग रहा है। ग्रामीण कह रहे हैं कि, बस्ती के तरफरास्ता नहीं देंगे। शुरू में भी बोला गया था लेकिन कंपनी प्रबंधन मामने को तैयार नहीं हुए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मामले को शांतिपूर्ण तरीकें से हल करने के लिए कहा।

पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने लोगों को समझाबुझाकर एकमत से निर्णय लेने और दस सदस्यीय टीम गठित कर मामले पर चर्चा कर उचित निर्णय लेने के लिए कहा। बता दें कि, कंपनी से लगा हुआ बाहर के हिस्से पर विवाद हो रहा है। यहीं से कंपनी का वाहन आना-जाना कर रहे हैं जिस पर ग्रामीण आपत्ति जता रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं।

इधर, ग्रामीण आगे भी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की बात कह रहे है। कंपनी के मेन गेट पर भारी संख्या में पहुंचे मढ़ी के लोगों ने स्थानियों को काम पर नहीं रखने और वादों के अनुरूप काम नहीं देने का भी आरोप लगाया। स्थानीय लोगो का आरोप है कि, कंपनी बाहरी लोगों को काम पर रख रहा है जबकि कंपनी से लगे गांवों के युवकों को काम नहीं दे रहा है। प्रदर्शन के मद्देनजर सिलयारी-धरसींवा पुलिस सहित आसपास थाने से भी पुलिस बल बुलाया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पंडाल लगाकर धरना दिए। मामले में खरोरा तहसीलदार का कहना है कि, कोर्ट के आदेश अनुसार जहां पर स्टे लगा है वहां पर अभी कोई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं है। रास्ता रोकने का अधिकार किसी को नहीं है।

### भैसबोड़ में मानसगान स्पर्धा 14 फरवरी से

**भखारा, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भैसबोड़(अंवरी)में शिवाग्रामोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से 14 से 16 फरवरी तक त्रिदिवसीय भव्य संगीतमय भव्य मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।जिसमें ख्यातिप्राप्त मानस मंडली 14 फरवरी को ओमशांति मानस परिवार चिरको (महासमुंद), जनक सुता बालिका मानस मंडली घुघसीडीह, आनंद सागर मानस परिवार कोनारी (अण्डा), नीतनव सूरूज मानस परिवार धामनतोही बागबाहरा एवं 15 फरवरी को शीलसिंधु राघव मानस मंडली परसाही (उतई), जय माँ महिला मानस मंडली फरसिया नगरी, श्रीराम आदर्श मानस प्रचार समिति कबीरमठ नदिया, श्रीराम मानस परिवार मोतीमपुर (मगरलोड), निकेतन मानस मंडली नेवारी खुर्द, प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खम्ही बेमेतरा, हरिओम मानस परिवार दर्रा (गुरूर), प्रतिमा बस्तरिहा मानस मंडली हाड़ाडूला (चारामा), ओमशांति मानस परिवार चिरको (महासमुंद), जनक सुता बालिका मानस मंडली घुघसीडीह, आनंद सागर मानस परिवार कोनारी (अण्डा), नीतनव सूरूज मानस परिवार धामनतोही बागबाहरा एवं 16 फरवरी को जयकारी पाट मानस मंडली सिवनीकला, जय माँ शारदा मानस मंडली तामासिवनी, आदर्श रामभक्त मानस परिवार रक्से (कवर्धा), सत्यम शिवम् सुंदरम मानस मंडली साजा, अराधना बालिका मानस मंडली कुंदरूपारा बालोद, जय ठाकुर देव मानस परिवार उपरवारा, वंदना महिला मानस मंडली पाररास बालोद, तुलसी मानस मंडली रातापायली, चेतना बालिका मानस मंडली थूहा, हरिओम मानस मंडली कांदूल, ममता बालिका मानस मंडली नवागढ़ की मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी।



### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला

**बलौदाबाजार, 3 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (ईडीपी) हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन आईटीआई हथबंद, सिमगा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग के प्रबंधकों एवं सहायक प्रबंधक के द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में संचालित योजनाएं जैसे- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई). प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमजीईपी) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना (पीएम विश्वकर्मा) एवं नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की विशेषताओं पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान की जायेगी। इसके साथ ही बैंक अधिकारियों के माध्यम से ऋण लेने की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## धान खरीदी केंद्रों में उठाव की समस्या,समितियां हो रही परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भखारा, 3 जनवरी।** भखारा क्षेत्र के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मड़ेली पं.क्र - 139 सहित भखारा अंचल की सोसाईटीयों में इन दिनों धान की खरीदी सुचारू रूप से चल रही है सोसायटी पहुंचकर धान बेचने वाले किसान समितियों की धान तौलाई और किसानों के लिए रखी गयी व्यवस्था से संतुष्ट है।लेकिन वहीं समिति प्रबंधक चोवाराम टण्डन ने धान की उठाव को लेकर चिंता जाहिर की है। मड़ेली सोसाइटी के प्रबंधक चोवा राम टंडन ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि फड़ में धान रखने की जगह नहीं है उन्होंने शार्टेज को मुख्य समस्या बताया और कहा कि इससे किसान व समितियों को परेशानी होगी। शासन - प्रशासन को तत्काल धान उठाव की व्यवस्था करें ज्यादा से ज्यादा परिवहन की व्यवस्था करे ताकि धान की उठाव जल्दी से जल्दी हो सके धान खरीदी को अब कुछ ही दिन शेष है।

## भखारा स्थित शराब दुकान में सेल्समैन से गुंडागर्दी

# पिकअप वाहन को आग के हवाले कर आतंक मचाने वाले दो नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार,2 आरोपी फरार

- भखारा पुलिस ने बदमाशों का निकाला जुलूस, बदमाशों ने कहा - जनता माफ करो, दोबारा गलती नहीं करेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 3 जनवरी।** बीते सोमवार 30 दिसंबर की रात्रि में भखारा भठेली की बुग्गी गैंग के बदमाशों ने भखारा स्थित शराब दुकान में सेल्समैन व उनके साथियों के साथ गुंडागर्दी व लूटपाट के अलावा वार्ड क्रमांक 03 सतनामी पारा के एक युवक की पिकअप वाहन को जलाया। और रातभर आतंक मचाते हुए कई घटना को वारदात दिया।इस मामले में भखारा पुलिस ने दो नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें अब भी मुख्य सरगना बुग्गी गैंग का सरगना पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। भखारा स्तिथ शराब दुकान के सेल्समैन पोषण लाल साहू ग्राम चारभाठा थाना रानीतराई जिला दुर्ग की रिपोर्ट पर भखारा पुलिस ने धनराज उर्फ बुग्गी, प्रणय निर्मलकर उर्फटेरगू व उनके अन्य 05- 06 सहपाठी के द्वारा हाथ में डण्डा व लोहे का राड, लोहे का पंच एवं कड़ा पकड़कर जान से मारने की धमकी देकर भखारा स्तिथ अंग्रेजी शराब दुकान में घुसकर हाथ मुक्का से मारपीट कर मोबाईल को छिनकर ले गया था। जिस पर भखारा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।



भखारा पुलिस ने विवेचना के दौरान अंग्रेजी शराब दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को बारिकी से जांच किया जिसमें आरोपी वेदनारायण उर्फबेटू, हेम सागर मंडावी, दानेश्वर साहू उर्फ दानु, विनोद साहू को पकड़कर थाना ले गया जिनसे कड़ाई से पूछताछ किया जिसमें आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और घटना के समय पकड़े लाठी, डण्डा, लोहे का राड, पंच एवं कड़ा (चुडा) को छिपाये स्थान पर ले गया जिसे भखारा पुलिस ने बरामद कर जप्त किया।

उक्त आरोपियों को बी.एन.एस की धारा 296, 115 (02), 351(2), 331(6)310 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।भखारा पुलिस ने बताया कि दो आरोपी घटना के बाद से फरार हैं जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक लेखराम ठाकुर, सउनि0 नीरज दुबे, आरक्षक दुष्यंत सिन्हा, खुमान लाल साहू, संदीप साहू, हरिशंकर सिन्हा, गजेन्द्र टण्डन, ईश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, (विद्युत/यांत्रिकी) खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर (छ.ग.)**
Office Phone No.......

**'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना' (प्रथम आमंत्रण)**

नि.क्र. 08/नि.प्र./का.अ./वि./यां./ लो.स्वा.यां./2025 जगदलपुर, दि. 01.01.2025

जिला बस्तर अंतर्गत कार्यालय कार्यपालन अभियंता विद्युत/यांत्रिकी खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर के अंतर्गत उपखण्ड सुकमा में पुराने मौजुद कम्प्रेशर यूनिट को बदलकर, नया कम्प्रेशर यूनिट की आपुर्ति Supply, स्थापना (Instalation), कमीशनिग एवं परीक्षण जांच (ट्रायल एण्ड टेस्टिंग) कार्य के लिए सक्षम ठेकेदारों/सप्लायर्स से प्रपत्र 'बी' में आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा कार्य हेतु अनुमानित लागत राशि रू. 31.72 लाख कार्य पूर्ण करने की अवधि 90 दिवस अमानत राशि रू. 95500/- निर्धारित की गई है।

उपरोक्त कार्यों की निविदा दिनांक 21.01.2025 समय 17.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
विद्युत/यांत्रिकी खण्ड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जगदलपुर (छ.ग.)

जी-242505018/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
ई-मेल- ee-res Dantewada@nic.in

**//संशोधन सूचना क्रमांक-1//**

क्रमांक/01/लेखा/ग्रा.यां.सेवा/2025 दन्तेवाड़ा दिनांक-01/01/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-1277/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024, दन्तेवाड़ा दिनांक 23.12.2024 द्वारा जारी निविदा को अपरिहार्य कारणों से निविदा तिथि में आंशिक संशोधन किया जाता है तथा निविदा की अन्य सामान्य शर्तें यथावत रहेगी। जो निम्नानुसार है:-

| पूर्व निविदा तिथि | संशोधित निविदा तिथि |
|---|---|
| (01) निविदा डाऊनलोड करने का अंतिम तिथि 04.01.2025 | (01) निविदा डाऊनलोड करने का अंतिम तिथि 07.01.2025 |
| (02) निविदा प्राप्ति का तिथि 10.01.2025 दोपहर 5.00 बजे | (02) निविदा प्राप्ति का तिथि 13.01.2025 दोपहर 5.00 बजे |
| (03) निविदा खोलने की तिथि 13.01.2025 दोपहर 3.30 बजे | (03) निविदा खोलने का तिथि 14.01.2025 दोपहर 3.30 बजे |

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

जी-242505028/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, (विद्युत/यांत्रिकी) खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर (छ.ग.)**

**'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक 07 दिनांक 23.12.2024'**
**ऑनलाईन निविदा सिस्टम क्रमांक 163350**
**(निविदा निरस्तीकरण सूचना क्र-01)**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत / यॉत्रिकी) खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर के अंतर्गत उपखण्ड सुकमा में पुराने मौजुद कम्प्रेशर यूनिट को बदलकर, नया कम्प्रेशर यूनिट की आपुर्ति Supply, स्थापना (Installation), कमीशनिग एवं परीक्षण जांच (ट्रायल एण्ड टेस्टिंग) कार्य के लिए सक्षम ठेकेदारों/सप्लायर्स से प्रपत्र 'बी' में आनलाईन (Online) निविदा कार्य हेतु अनुमानित लागत रू. **31.72** लाख कार्य हेतु दिनांक 12.01.2025 तक आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है । एवं पुनः निविदा आमंत्रण की सूचना पृथक से दिया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता,
(विद्युत/यांत्रिकी) खण्ड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जगदलपुर (छ.ग.)

जी-242505025/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**
✆ 91-7856-252240
91-7856-252475
✉ : ee.dantewada@nic.in

**-::मैनुअल पद्धति निविदा सूचना::-**

नि.क्र. 22/व.ले.लि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 31/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत 'द' श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-
**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 09.01.2025**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | सी.एस.सी. सेन्टर के पीछे नगरपालिका का 05 नग दुकान श्री राधे घर से स्व. भोला बाबू घर तक सी.सी. रोड, गर्डर पुलिया से बंगाली कैम्प मुख्य मार्ग तक बी.टी. रोड क्षतिग्रस्त पेच रिपेयर, कोड़ेनार पंचायत का तालाब पारा सफाई कार्य हनुमान मंदिर के पास गार्डर पुलिया उपर ऑक्सीजन पार्क का नाली क्षतिग्रस्त, गार्डर पुलिया उपर ऑक्सीजन पार्क का नाली क्षतिग्रस्त, रामबुटी का आयरन पाईप 4 इंच (दो बार टूटा) | 48.79 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in 'Live Tender' Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग,
दन्तेवाड़ा

जी- 242505015/4

एक नजर

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन वाहन पार

**रायपुर, 3 जनवरी।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने एक भारी वाहन और दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में गाजीनगर बीरगांव निवासी मोहम्मद इरशाद 21 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलके 8526 को रिंग रोड स्थित झाबक पेट्रोल पंप के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रक की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम खुड़मुड़ा निवासी सागर निषाद 19 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 पी 0324 को जायसवाल निको पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 62 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह महादेव घाट निवासी खुशाल तिवारी 23 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमई 6628 को रावणभाठा मैदान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताइ जा रही है।

## दो शातिर बदमाशों को किया तड़ीपार

**रायपुर, 3 जनवरी।** जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर अजय दुबे और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में अजय दुबे आ. स्व. लवकुश दुबे पचरी पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला तहसील व जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 31 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है।

# मोवा ओवरब्रिज में सुधार कार्य होने के कारण लगा लंबा जाम

## पहुंच मार्ग में भी दोपहिया वाहनचालकों को हुई परेशानी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 जनवरी।** जिलाधीश के निर्देश पर आज से मोवा ओवरब्रिज में सुधार एवं मरम्मत का कार्य शुरू होने के कारण इसे बंद कर दिया गया है। लेकिन इससे आधी से अधिक आबादी को परेशान होना पड़ा। यातायात की सुचारू व्यवस्था नहीं होने के कारण कार, मोटर साइकिल सहित अन्य वाहनों का लंबा जाम लग गया। जबकि भारी वाहनों को मंडी गेट से भी नहीं निकाला जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा मोवा रेलवे वाल्टेयर क्रॉसिंग पर बढ़ती आबादी के कारण ओवरब्रिज बनाया गया है। विभाग के अनुसार नियमित रूप से भारी वाहनों एवं अन्य वाहनों के चलने के कारण अब इसके सुधार एवं मरम्मत का कार्य किया जाना है। इसके चलते जिलाधीश एवं पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया है कि निर्माण कार्य होने के कारण यह ओवरब्रिज बंद रहेगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार ब्रिज के बाजू से ही एक बाइपास भी बना दिया गया है। लेकिन आज मोवा के आगे कचना सहित अन्य घनी बस्तियों में जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां पर कार तथा दोपहिया वाहनों की भारी भीड़ लग गई जिसके कारण पूरा रास्ता जाम हो गया। मोवा रायपुर ग्रामीण में आता है। यहां पर कई वार्ड नगर निगम सीमा में आते हैं। इसके कारण यहां पर आबादी बढ़ती जा रही है। विधानसभा रोड में इन दिनों विभिन्न चारपहिया वाहनों के शोरूम तथा कामर्शियल काम्प्लेक्स खुल गए हैं। इसके अलावा यहां पर बड़ी संख्या में रेसीडेंसियल काम्प्लेक्स बना दिए गए हैं। विधानसभा के आगे ग्राम नरदहा में अंग्रेजी माध्यम से स्कूल हैं जिसके कारण स्कूल बसों की दिनभर आवाजाही लगी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भारी वाहनों को जिला चिकित्सालय के बाजू से मंडी गेट की ओर जाने वाले रास्ते से डायवर्ट करना था लेकिन यह कार्य नहीं किया गया जिससे आम लोग परेशान होते रहे।



### कचना के रेलवे ओवरब्रिज का काम समय पर पूरा नहीं होने से परेशानी

राजधानी बनने के बाद शंकरनगर से लगे ग्राम कचना में भी आबादी बसने लगी है जिसके कारण यहां पर एक ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। इस ब्रिज को जोड़ने वाले मार्ग में एक निजी जमीन के आ जाने से यह कार्य प्रभावित हो रहा है। बरसात में पानी भरने के कारण लोग परेशान हैं। यहां पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी है। अधिकारियों के भी क्वार्टर बनाए गए हैं। विधानसभा रोड में इस समय कई प्रमुख हास्पिटल एवं काम्प्लेक्स बन गए हैं।

# एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी दो दिवसीय प्रदेश के दौरे पर



■ धमतरी- कांकेर और जगदलपुर के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर, 3 जनवरी।** छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी दो दिवसीय दौरे पर आने वाले हैं। शनिवार 4 जनवरी को दोपहर 1 बजे रायपुर पहुचेंगे। स्वामी विवेकानंद विमानतल समेत रायपुर शहर में अलग अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। रायपुर विमानतल से सीधे धमतरी प्रस्थान करेंगे। शनिवार दोपहर धमतरी में आयोजित संविधान मार्च पदयात्रा में शामिल होंगे। शाम कांकेर में आयोजित मशाल यात्रा में शामिल होंगे। कांकेर से जगदलपुर प्रस्थान कर रात्रि विश्राम जगदलपुर में ही करेंगे।

**युवा मन चो गोठ कार्यक्रम, बस्तर :** 5 जनवरी को जगदलपुर में NSUI प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में युवा मन चो गोठ कार्यक्रम, बस्तर के छात्रों के साथ छात्र हित की बात/ चर्चा करेंगे। NSUI प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने बताया कि पाँच जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के अध्यक्ष पद पर एक साल कार्यकाल पूरे होने पर बस्तर में NSUI द्वारा बस्तर के आदिवासी छात्रों से संवाद कार्यक्रम रखा गया है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आदिवासी छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत अन्य कांग्रेस नेता शामिल होंगे। रविवार शाम स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से दिल्ली रवाना होंगे।

# गांजा खपाने कार से पहुंचे दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 3 जनवरी।** मोवा पुलिस ने कार से गांजा तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुबे कालोनी में इको कार क्रमांक सीजी 04 एमआर 6933 में दो युवक मादक पदार्थ लेकर खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने कार सवार आरोपी मोहन नायक 33 वर्ष और रामप्रसाद नायक 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कार में रखे कुल 10 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# राष्ट्रीय हिंदी साहित्य विकास संस्थान ने कविताओं से किया नववर्ष का स्वागत



**रायपुर, 3 जनवरी।** नव वर्ष के स्वागत पर वरिष्ठ साहित्यकारों की संस्था राष्ट्रीय हिंदी साहित्य विकास संस्थान रायपुर द्वारा नव वर्ष का स्वागत काव्य की पंक्तियों के साथ बरसाना एंक्लेव टाटीबंध में 2 जनवरी की संध्या में कुछ यूं किया। काव्य गोष्ठी में कवि संजीव ठाकुर, डॉ जे के डागर, डॉक्टर मानिक विश्वकर्मा, डॉक्टर सुरेंद्र तिवारी, डॉ महेंद्र ठाकुर ,राजेश जैन राही और के पी सक्सेना व्यंग्यकार ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता रखी।

चिंतक, लेखक, स्तंभकार, कवि संजीव ठाकुर ने नए वर्ष में पंक्तियां कहीं-

*कुछ फूलों ने गगन को चूमा*
*कुछ भंवरों ने फूलों को चूमा*
*कुछ पल कानों में मधु रस घोल गए,*
*कुछ पल वियोग का रस छोड़ गए,*
*कुछ पल भक्ति संगीत घोल गए*
*कल की मायूसी को हम भूल गए।*
*नए सूरज की नई बेला में*
*स्वागत वंदन करें नव वर्ष का*
*इस नई रोशनीं के नव सवेरा में।*

*डॉ सुरेंद्र तिवारी ने अपनी पंक्तियों रखी*
*मौजे तूफां में नापा है कश्ती ने गहराइयों को.*
*परिंदे के हौसलों ने जान लिया ऊँचाइयों को.*
*मोहब्बत अदावत अंदाजे बयां ये गुफ्तगूं*
*अब तो भूला दिया सुरेश रूसवाइयों को.*

*डॉ महेंद्र ठाकुर जी  फूलों की व्यथा सुनाई*
*मैंने सोचा था मैं तेरे सवरें माथे के बीच सजूगा*
*पर क्या बनता सिंदूर महावर हीं न बन पाया जब भाग्य मेरा।*

*डॉक्टर मानिक विश्वकर्मा ने कहा*
*कसर छोड़ी नहीं हमने किसी की कद्रदानी में*
*बुरा लगता है हर मंज़र जियादा बदुमानी में।*

*राजेश जैन 'राही'*
*नहीं महफूज़ है खुशबू किसी भी इत्रदानी में नवल क़दम नव राह पर,*
*नवल-नवल हों गीत,*
*नवल गात नव पात हो, नवर-नवल हो जीत।*

*डॉ जे के डागर ने अपनी पंक्तियां यूं रखी*
*आज की कविता*
*चुप हो जाओ मत बोलो,*
*चुप रहना मत बोलो*
*शब्द बाद में निकलें मुख से पहले उनको तोलो ,*
*चुप हो जाओ मत बोलो,*

कवि गोष्ठी में के पी सक्सेना ने अपने व्यंग्य और गजलें पढ़ी, इस अवसर पर अनेक काव्य रसिक एवं श्रोता बड़ी संख्या में मौजूद थे। सभी कवियों ने नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं नव वर्ष के आगमन पर मिठाई खाकर नव वर्ष का स्वागत किया। कभी गोष्ठी के आयोजन डॉ जे के डागर ने सभी कवियों और श्रोताओं का नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद ग्यापित किया।

# बीएड शिक्षकों के आंदोलन पर पुलिस की सख्ती

## अब तक 40 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**रायपुर, 3 जनवरी।** राजधानी में सहायक शिक्षकों के क्क्ष्वस्त्र. आंदोलन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में घुसपैठ और चक्काजाम के आरोप में अब तक 40 प्रदर्शनकारी शिक्षकों को हिरासत में लिया जा चुका है। बुधवार को 30 शिक्षकों को जेल भेजा गया था, जबकि गुरुवार को 10 और शिक्षकों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रशासन ने इन शिक्षकों को भी जल्द जेल भेजने की तैयारी की है।

**परिजनों की चिंता:** गिरफ्तारी के बाद शिक्षकों के परिजन बेहद परेशान हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें अपने बच्चों की स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। कई परिवारों को यह भी नहीं पता कि उनके बच्चे हिरासत में हैं या नहीं। परिजनों का कहना है कि प्रशासन की ओर से सही जानकारी नहीं मिलने से उनकी बेचैनी बढ़ रही है।

**विवाद की पृष्ठभूमि:** यह विवाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश के बाद शुरू हुआ, जिसमें 2,855 सहायक शिक्षकों के पदों से क्क्ष्वस्त्र. योग्यताधारी शिक्षकों को हटाने और उनकी जगह ष्ठ.श्वस्त्र (ष्ठ.श्वद्य.श्वस्त्र) योग्यताधारी अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग को यह आदेश दो सप्ताह में लागू करने को कहा था।

हालांकि, शिक्षा विभाग ने समय पर आदेश का पालन नहीं किया, जिससे अदालत ने इसे अवमानना का मामला मानते हुए विभाग को सख्त चेतावनी दी। 12 दिसंबर को हुई सुनवाई में अदालत ने विभाग को दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया।

**शिक्षकों का पक्ष:** बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षकों का कहना है कि उन्हें नौकरी से हटाना अन्यायपूर्ण है। उनका दावा है कि उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन से अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को नजरअंदाज किए जाने के बाद वे उग्र प्रदर्शन करने पर मजबूर हुए। शिक्षकों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के पास धरना दिया और परिसर में घुसने की कोशिश की। उनका कहना है कि नौकरी से हटाए जाने का फैसला उनके और उनके परिवारों के भविष्य पर संकट पैदा कर रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई:** धरने और घुसपैठ के दौरान स्थिति बिगड़ने पर माना पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इन पर बिना अनुमति रैली निकालने और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

**सरकार के लिए दोहरी चुनौती:** यह मामला राज्य सरकार के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। एक तरफ हाईकोर्ट के आदेश का पालन करना है, तो दूसरी ओर शिक्षकों का बढ़ता आक्रोश। सरकार को जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान निकालना होगा ताकि शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

**प्रदर्शनकारियों की मांग:** शिक्षक चाहते हैं कि हाईकोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार किया जाए और उन्हें सेवा में बनाए रखा जाए। उनका कहना है कि उनकी बर्खास्तगी न केवल उनके लिए, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी संकट का कारण बनेगी।

**समाप्ति पर समाधान की आवश्यकता:** यह विवाद बढ़ता जा रहा है और प्रशासन तथा प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति को हल करना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षकों के भविष्य और न्यायिक आदेश के बीच संतुलन बनाना एक कठिन कार्य है, लेकिन सरकार के लिए यह अनिवार्य हो गया है।

# सलीम राज राष्ट्रीय वक्फ, हज बोर्ड में जाने के लिए कर रहे कवायद

■ छग में बेशकीमती जमीन के चलते हो रहा विवाद

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 जनवरी।** राज्य के वक्फ बार्ड एवं हज बोर्ड के चेयरमेन सलीम राज को अब राष्ट्रीय स्तर पर कोई महत्वपूर्ण पद दिए जाने की तैयारी चल रही है।

प्रदेश में अल्पसंख्यक वर्ग के नेता सलीम राज इस समय सांसद बृजमोहन अग्रवाल के काफी करीबी हैं। इसलिए अब वे राष्ट्रीय स्तर पर हज बोर्ड में जाने की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के वक्फ बोर्ड के अधीन कई विवादास्पद जमीनें आती है जिसके कारण आए दिन विवाद होता रहता है। मालवीय रोड सहित कई अन्य स्थानों पर वक्फ बोर्ड की बेशकीमती जमीनें हैं जिस पर अब बड़े-बड़े बिल्डरों का ध्यान लगा हुआ है। सलीम राज के साथ पिछले दिनों विभिन्न जिलों में इसी को लेकर विवाद हो गया है। अब वे भी छत्तीसगढ़ में नहीं रहना चाहते। वक्फ बोर्ड और हज बोर्ड की राष्ट्रीय संस्थाओं में जाना चाहते हैं। इसके लिए उच्च स्तरीय प्रयास किया जा रहा है।



सलीम राज ने बताया कि वक्फ बोर्ड में विभिन्न विवादों को देखते हुए वे अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। लेकिन वे कोई विवाद नहीं चाहते हैं इसलिए अब वे राष्ट्रीय स्तर के हज बोर्ड अथवा वक्फ बोर्ड में जाना चाहते हैं। इसके लिए भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख लोगों के संपर्क में हैं।

### युवा संगम चरण-5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सफल समापन

**रायपुर, 3 जनवरी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर द्वारा आयोजित और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम चरण 5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का पांच दिवसीय आयोजन सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में असम के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और धरोहर से जुड़ने और सीखने का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। मड़ई ऑडिटोरियम, आईआईएम रायपुर में आयोजित समापन सत्र में छत्तीसगढ़ के सबसे युवा सांसद और पूर्व लोकसभा सदस्य श्री अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने छात्रों को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलकर अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जब भी जीवन आपको अपनी सीमाओं से परे जाने का अवसर दे बौद्धिक रूप से या शारीरिक रूप से इसे स्वीकार करें। ऐसे अनुभव आपके व्यक्तित्व में अद्भुत आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं, और वह परिवर्तन अनमोल होता है।÷ उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु और खुले विचारों वाला बने रहने की सलाह दी और जोड़ा, हमेशा अपने अनुभवों पर चिंतन करने का समय निकालें, क्योंकि ये चिंतन आपको अपने बारे में कुछ नया सिखाएंगे और आपको विकसित होने में मदद करेंगे।

**महाकुंभ स्पेशल: सात ट्रेनों की 5000 सीटें बुक**

# एसी कोच में टिकट कन्फर्म, स्लीपर में वेटिंग

**रायपुर, 3 जनवरी।** 13 साल बाद प्रयागराज में महाकुंभ का मेला सजने जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए सभी राज्यों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।



छत्तीसगढ़ से महाकुंभ जाने के लिए 5 से अधिक स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो चुकी है। नियमित ट्रेनों के पैक होने से अब स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग बढ़ने लगी है। आलम यह है कि रोज रायपुर मंडल से 60 से अधिक टिकट महाकुंभ को जाने को लेकर बुक हो रहा है। 8 फरवरी को रायपुर से होकर स्पेशल ट्रेन गुजरेगी, जिसमें अभी थर्ड ऐसी में 22 वेटिंग है, तो वहीं स्लीपर में 63 आरएसी हो चुका है। ऐसे में रेलवे को अब इस ट्रेन में अतिरिक्त कोच भी जोड़ना पड़ सकता है। हालांकि 22 फरवरी से बिलासपुर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में अभी 500 से अधिक सीट स्लीपर में बची है। 1200 सीट में अभी 700 सीटों में अभी बुकिंग हुई है। बता दें कि नियमित चलने वाली सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में सफर करना अब मुश्किल हो चुका है। जनवरी के प्रत्येक दिन इस ट्रेन में वेटिंग 60 से अधिक है।

इसके अलावा शनिवार और रविवार को दोनों ट्रेन में वेटिंग 100 के पार है। स्पेशल ट्रेन का रूट बड़े स्टेशनों से है, लेकिन यह ट्रेन यूपी के छोटे स्टेशनों से होकर गुजरती है। इस वजह से वेटिंग अधिक है।

**स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था:** भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24 घंटे ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे।

**8 को रायपुर से गुजरेगी दूसरी स्पेशल:** पहली ट्रेन 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल व 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी- बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन वाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है। 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल, दुर्ग से दिनांक 8 फरवरी (शनिवार) को व वाराणसी से दिनांक 10 फरवरी सोमवार) को रवाना होगी। 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर से दिनांक 22 फरवरी, शनिवार को वाराणसी से 24 फरवरी, सोमवार) को रवाना होगी। यह ट्रेन रायपुर से गोंदिया होते हुए वाराणसी जाएगी।

**सात स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग अधिक:** रेलवे ने 7 स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग शुरू कर दी है, जिसमें स्लीपर और एसी कोच को मिलने पर 8400 से अधिक सीट है। वर्तमान में इन ट्रेनों के 5 हजार से अधिक सीट बुक हो चुकी है।

रायपुर मंडल से स्पेशल ट्रेनों में 40 फीसदी बुकिंग है, तो वही 50 से अधिक प्रतिशत बिलासपुर से बताया जा रहा है। रेल अफसरों का कहना है कि स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से अब 518 रुपए में स्लीपर को कोच में प्रयागराज का सफर कर रहे हैं। 7 स्पेशलों ट्रेनों सबसे अधिक स्लीपर में बुकिंग अधिक है। आरएसी होने के बाद अब कन्फर्म सीट मिलने के लिए यात्रियों को इंतजार करना होगा।

### इन ट्रेनों से जा सकते हैं प्रयागराज

08530 विशाखपट्टनम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय कुम्भ स्पेशल, विशाखपट्टनम से 09. 16 व 23 जनवरी तथा 06, 20 व 27 फरवरी 2025 प्रत्येक गुरुवार ट्रेन राययपुर से गुजरेगी। 08529 पंडित दीनदयाल उपाध्याय - विशाखपट्टनम कुम्भ स्पेशल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से 11, 18 व 25 जनवरी, 08 व 22 फरवरी तथा 01 मार्च 2025 (प्रत्येक शनिवार) रायपुर से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 08562 विशाखपट्टनम- गोरखपुर कुम्भ स्पेशल, विशाखपट्टनम से 05 व 19 जनवरी तथा 16 फरवरी 2025 (रविवार) को सुविधा मिलेगी। 08561 गोरखपुर-विशाखपट्टनम कुम्भ स्पेशल, गोरखपुर से 08 व 22 जनवरी तथा 19 फरवरी 2025 (बुधवार) को सुविधा रहेगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26